तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 29 अक्टूबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया





**खबर संक्षेप**

### कर्मचारी संघ व पेंशनर्स का धरना आज

**बिलासपुर।** कर्मचारियों एवं पेंशनरों की लंबित तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता सहित 9 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के कर्मचारियों के साथ पेंशनर्स भी कल प्रदर्शन-ज्ञापन आंदोलन में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ अधिकारी -कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पी आर यादव ने बताया कि 29 अक्टूबर को प्रांत व्यापी प्रदर्शन -ज्ञापन आंदोलन का आह्वान छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं पेंशनर्स एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से किया है। प्रदेश के जिला मुख्यालय में 29 अक्टूबर मोदी की गारंटी को पूरा कराने ध्यानाकर्षण ज्ञापन सौंपा जाएगा। छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा एवं प्रदेश समन्वयक जी आर चंद्रा ने बताया कि प्रदेश के अधिकारी व कर्मचारियों तथा पेंशनरों को केन्द्र की तिथि से महंगाई भत्ता नहीं दिया जा रहा है जबकि महंगाई दर लगातार बढ़ रही है ऐसी स्थिति में कर्मचारियों को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान हो रहा है।

### पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग



**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा का राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ ने स्वागत किया है। संघ ने कहा कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली व प्रस्तावित एकीकृत पेंशन योजना सेवानिवृत्ति के बाद सुनिश्चित और पर्याप्त वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने में विफल रही हैं। संघ ने भारत सरकार से आग्रह किया है कि वह केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करें। महासंघ के महामंत्री राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 4 अगस्त को नई दिल्ली में कर्मचारी संघों की ओर से राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, से संसद भवन में मुलाकात की गई थी। उनसे पेंशन संबंधी लाभों की जांच और सिफारिश करने के लिए तुरंत 8वें वेतन आयोग का गठन करने की मांग की गई थी।

### एयू में जनजातीय समाज के अतीत पर कार्यशाला

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में 29 अक्टूबर को सुबह 11 बजे जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, समाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रखा गया है। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में वनवासी विकास समिति छग के प्रांत संगठन मंत्री रामनाथ कश्यप, अति विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता युवा कार्य प्रमुख अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम वैभव सुरंगे, विशिष्ट अतिथि प्रांत संयोजक जनजातीय गौरव प्रकल्प ब्रजेन्द्र शुक्ला रहेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी करेंगे।

## दफ्तर के सामने कार खड़ी होने के कारण चूका निशाना, बड़ी घटना टली

# मस्तूरी में वर्चस्व को लेकर चल रहा दो गुटों में विवाद




मस्तूरी स्थित घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नकाबपोशों द्वारा मस्तूरी में की गई 15 राउंड फायरिंग के पीछे वर्चस्व को लेकर दो गुटों में चल रहे विवाद को मुख्य कारण बताया जा रहा है। पूर्व में भी दोनों गुटों के बीच खूनी संघर्ष हो चुका है। गोलीकांड के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैली हुई है और असुरक्षा का माहौल है।

मंगलवार की शाम मस्तूरी पुराना बस स्टैण्ड चौक में मस्तूरी जनपद उपाध्यक्ष व उनके रिश्तेदारों पर तीन नकाबपोशों ने जमकर फायरिंग की, जिसमें किरारी निवासी किसान चंद्रकांत सिंह व राजू सिंह के हाथ व पैर गोली लगी है। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जाता है लंबे समय से मस्तूरी में दो गुटों के बीच वर्चस्व को लेकर विवाद चल रहा है। वर्तमान पंचायत चुनाव में किरानी निवासी नितेश सिंह निर्विरोध जनपद उपाध्याय चुने गए हैं। उसके पूर्व में भी नितेश सिंह निर्विरोध जनपद उपाध्यक्ष बने थे, जिसे लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है।



अपोलो अस्पताल में पहुंचे घायलों के परिजन।

### एसएसपी ने की घायलों से मुलाकात

गोलीकांड की जानकारी मिलने के बाद एसएसपी रजनेश सिंह अपोलो हास्पिटल पहुंचे। उन्होंने दोनों घायलों से मिलकर घटना के संबंध में जानकारी ली। उसके बाद अधीनस्थ अधिकारियों को फायरिंग करने वाले नकाबपोशों को पकड़ने का निर्देश दिया है।



अपोलो अस्पताल में भर्ती घायल

### मैग्नेटो मॉल के पास हुआ था खूनी संघर्ष

पूर्व में युवा कांग्रेस के चुनाव में शामिल होने के लिए नितेश सिंह अपने समर्थकों के साथ बिलासपुर आए थे। दूसरे पक्ष मोहतरा निवासी विश्वजीत सिंह भी अपने गुट के साथ बिलासपुर कांग्रेस भवन आए थे। दोनों गुट प्रदेश अध्यक्ष के लिए अपना अपना दावा पेश कर रहे थे। चुनाव को लेकर दोनों के बीच कांग्रेस भवन में विवाद हो गया था। इसी बात को लेकर मैग्नेटो मॉल के पास दोनों गुट आपस में भिड़ गए थे। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट करते हुए एक दूसरे पर जान लेवा हमला कर दिया था। उक्त मामले में दोनों पक्षों के हमलावर जेल गए थे।

### कार खड़ी होने से चूका निशाना

नकाबपोश सड़क के दूसरी ओर बाइक खड़ी कर पिस्टलों से फायरिंग करते हुए जा रहे थे। दो तीन राउंड गोली चली तो ठाकुर परिवार के लोग सोच रहे थे कि आतिशबाजी हो रही है, राजू सिंह के पैर में गोली लगने से सभी लोग कार के पीछे से आफिस की ओर भागे। सामने कार खड़ी होने से शूटरों का निशाना चूक गया। कार खड़ी नहीं होती तो बड़ी घटना हो सकती थी।

### लाइसेंसी हथियार से फायरिंग

बताया जाता है शूटरों के द्वारा फायरिंग करने पर ठाकुर परिवार के लोग आफिस के अंदर घुस गए। आफिस में फायरिंग करने पर नितेश सिंह ने अपने लाइसेंसी हथियार से फायरिंग शुरू की और कुर्सी फेंककर मारा तो नकाबपोश वापस दूसरे साइड में जाकर बाइक से मस्तूरी शहर की ओर भाग गए।

### जमीन को लेकर भी विवाद की चर्चा

मस्तूरी क्षेत्र में दोनों गुटों के द्वारा जमीन खरीदी बिक्री का कार्य किया जाता है। जमीन को लेकर भी दोनों गुटों के बीच विवाद होने की जोरों से चर्चा है। बताया जाता है तोरवा क्षेत्र का बदमाश ठाकुर परिवार के विरोधी पक्ष को संरक्षण देता है। पिछले पंचायत चुनाव के दौरान दोनों गुटों के बीच जमकर विवाद होने की चर्चा है।

### बनाई गई अलग अलग टीम

गोलीकांड के बाद एसएसपी रजनेश सिंह ने नकाबपोशों को पकड़ने के लिए पुलिस की अलग अलग टीम बनाई गई है। पीड़ित पक्ष से पूछताछ करने के बाद पुलिस संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं नकाबपोशों का सुराग लगाने सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। शहर में नाकाबंदी व रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड में खोजबीन की जा रही है।

## 44 पुलिसकर्मी वीआईपी ड्यूटी पर गए रायपुर

### प्रधानमंत्री आएंगे राजधानी

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालने जिले से 4 टीआई 2 एसआई, 2 एएसआई सहित 44 पुलिसकर्मी 5 दिन के लिए वीआईपी ड्यूटी में रायपुर रवाना हो गए हैं। उनकी जगह अब अधीनस्थ अधिकारी कामकाज देखेंगे। 1 नम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस में शामिल होने के लिए रायपुर आ रहे हैं। कानून व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंध के लिए प्रदेश भर के सभी जिलों से पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक पांच दिन के लिए रायपुर में लगाई है। बिलासपुर जिले से 4 टीआई, 2 एसआई, 2 एएसआई 5 प्रधान आरक्षक सहित 38 पुलिसकर्मी व 6 महिला पुलिसकर्मी रायपुर के लिए रवाना हो गए हैं। इन अधिकारियों के जाने से पुलिस थाने खाली हो गए हैं, इनकी जगह अब अधीनस्थ अधिकारी कामकाज संभाल रहे हैं।

### विधायक अमर ने विकास कार्यों के लिए दी 1 करोड़ की स्वीकृति

**बिलासपुर।** शहर के सर्वांगीण विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार को ध्यान में रखते हुए पूर्व मंत्री एवं नगर विधायक अमर अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 16, 19, 21, 27, 32, 36, 37, 39, 44, 60 एवं 63 में विभिन्न निर्माण एवं उन्नयन कार्यों के लिए कुल 1 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से जनसुविधा से जुड़े कार्य किए जाएंगे।

इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड का समग्र विकास हमारा लक्ष्य है। विकास कार्य केवल निर्माण नहीं, बल्कि यह जनता के जीवन में सुविधा और संतोष लाने का माध्यम है। प्रत्येक क्षेत्र में नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर योजनाएं तैयार की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि नगर के सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार विकास कार्यों की निरंतर समीक्षा की जा रही है।

# साफ्टवेयर में गड़बड़ी, कई गांवों के सैकड़ों किसानों को अप्रूवल नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सैदा, लोखड़ी व सकरी सहित सैकड़ों किसान ऐसे हैं, जिन्हें एग्रीस्टेक पंजीयन होने के बाद तहसीलदार से अप्रूअल नहीं मिल सका है। ऐसा इसलिए क्योंकि पंजीयन की प्रक्रिया तो पूरी हो चुकी है, लेकिन साफ्टवेयर की गड़बड़ी के कारण किसानों के प्रकरण तहसीलदार तक पहुंच ही नहीं पाए हैं। पतासाजी के लिए किसान सैकड़ों की संख्या में सकरी तहसील के चक्कर लगा रहे हैं।

शासन के निर्देशानुसार एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन 31 अक्टूबर तक होने हैं, जिसमें अब केवल तीन दिन शेष रह गए हैं। सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि जिले के 98 प्रतिशत किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन हो चुके हैं, लेकिन तहसील कार्यालय में लगने वाली किसानों की भीड़ कुछ और ही कहानी कह रही है। सकरी तहसील अंतर्गत सैदा गांव के सैकड़ों किसान ऐसे हैं, जिन्हें अभी तक पंजीयन के बाद तहसीलदार से अप्रूअल नहीं मिल सका है। जबकि सकरी तहसील से ही यह जानकारी मिल रही है कि यह दिक्कत केवल सैदा ही नहीं, बल्कि अन्य और भी गांव के किसानों को भी दिक्कत हो रही है।

सकरी तहसील में करीब सौ से ज्यादा किसानों ने इसी समस्या को लेकर मंगलवार को तहसीलदार सकरी से मुलाकात की है। तहसील कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों के अनुसार पंजीयन होने के बाद अप्रूअल के लिए प्रकरण एकमुश्त आने की बजाए, एक-दो की संख्या में भी पहुंच रहे हैं। मंगलवार को लोखंडी के 80, सैदा के 140 व सकरी के 55 किसानों को अप्रूअल दिया गया है, लेकिन यह संख्या और अधिक होनी चाहिए थी, क्योंकि पंजीयन इससे कहीं अधिक संख्या में किए जा चुके हैं।

### 5 हजार से ज्यादा किसानों की जानकारी अधूरी

एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का पंजीकृत करने का काम बीते एक साल से किया जा रहा है, लेकिन साफ्टवेयर की गड़बड़ी के चलते लगातार कोई ना कोई अड़चन पंजीयन की प्रक्रिया में आ रही है। जानकारों के अनुसार जिले के करीब 5 हजार किसान ऐसे हैं, जिनकी एग्रीस्टेक पोर्टल में जानकारी अधूरी है। यही हालत रही तो धान खरीदी के दौरान बड़ी संख्या में किसानों को दिक्कत हो सकती है।

### परेशान किसान पहुंच रहे तहसील कार्यालय

- पंजीयन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी अप्रूअल के लिए तहसील नहीं पहुंच पा रहे प्रकरण




### जल्द ही समाधान हो जाएगा

यह समस्या केवल सैदा गांव के किसानों की नहीं है, बल्कि सकरी, लोखंडी व सैदा सहित अनेक गांवों के किसान इससे पीड़ित हैं। किसानों द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन तो कराया जा रहा है, लेकिन अप्रूअल के लिए प्रकरण तहसीलदार के पास पहुंच ही नहीं पा रहे हैं। प्रकरण किश्तों में पहुंच रहे हैं। मंगलवार को सैदा के ही करीब 140 किसानों का अप्रूअल हुआ है। इस संबंध में एनआईसी रायपुर को दो महीने पहले ही पत्र भेजा जा चुका है।

**- राहुल शर्मा,** तहसीलदार सकरी

## धान के साथ सब्जियों की खेती भी होगी प्रभावित

# तूफान ने बढ़ाई किसानों की मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोंथा तूफान के कारण प्रदेश का मौसम बदल चुका है, पिछले 4 दिनों से बदली छाई हुई है, वहीं कहीं-कहीं पर बुंदाबांदी भी हो रही है। इसका प्रभाव सब्जियों के साथ ही धान की फसलों पर पड़ना तय है। अब किसानों की चिंता बढ़ा दी है।




चक्रवाती तूफान के कारण मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्से में अलर्ट जारी किया है। इसके चलते जिले में भी मौसम बदला-बदला सा है, सूरज की चमक फीकी होने के कारण धान की फसलों पर माहो का प्रकोप मंडारने लगा है। साथ ही जिन किसानों के फसल कट चुकी है उन्हें बारिश का अंदेशा है। इस दौरान बारिश होने से किसानों की फसलों का सीधे तौर पर नुकसान होना तय है। सबसे ज्यादा परेशानी सब्जी की खेती करने वाले किसानों की बढ़ चुकी है। तूफान के कारण हुए मौसम परिवर्तन के कारण सब्जियों में कीड़ा लग रहा है, वहीं टमाटर, धनिया, फूल गोबी, मटर की सब्जियां खराब होगी, जिससे किसानों को मार्केट में अच्छी कीमत नहीं मिलेगी, वहीं आम लोगों के लिए सब्जियां महंगी होगी। खास बात यह है कि नंवबर से दिसंबर के बीच सबसे ज्यादा शॉक-सब्जियां मिलती है, लोकल सब्जियों की आवक आने के कारण लोगों को सब्जियों के दाम में कम मिलती है, लेकिन मौसम के कारण इस बार सब्जियों की कीमत में कमी आना मुश्किल नजर आ रहा है।

### बारिश के हैं आसार

मौसम विभाग ने बिलासपुर और सरगुजा संभाग के कुछ स्थानों में बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। मौसम के प्रतिकुल होने के कारण किसानों की चिंता लाजमी है। खेतों में धान की फसल कट कर तैयार हो रही है, खुले आसमान के नीचे रखे फसल के भींगने का अंदेशा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान में 1 डिग्री की कमी आई और 29.4 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है।





DECADES OF GLORIOUS SERVICE TO NATION & TRADE
CAIT
BE PROUD TO BE A TRADER
गर्व से कहो हम व्यापारी है
Vibrant Trade - Destination India
श्री अमर पारवानी
वाइस चेयरमेन, कैट
श्री बी सी भरतिया
राष्ट्रीय अध्यक्ष
श्री प्रवीण खण्डेलवाल
सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री
श्री जितेन्द्र गांधी
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
श्री जितेन्द्र दोषी
प्रदेश एक्जिक्युटिव चेयरमेन
परमानंद जैन
प्रदेश अध्यक्ष
श्री राकेश ओचवानी
प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व बिलासपुर प्रभारी
सुरेन्द्र सिंह
प्रदेश महामंत्री
अजय अग्रवाल
प्रदेश कोषाध्यक्ष
श्री किशोर पंजवानी
अध्यक्ष- बिलासपुर कैट
श्री हीरानंद जयसिंह
महामंत्री- बिलासपुर कैट
श्री आशीष अग्रवाल
कोषाध्यक्ष- बिलासपुर कैट
नमित सलूजा
युवा अध्यक्ष- बिलासपुर कैट
श्री राजू सलूजा
राष्ट्रीय सचिव कैट
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष कैट (छ.ग.)
मा. राजू सलूजा जी
को राष्ट्रीय सचिव कैट बनाये जाने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
कन्फेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) बिलासपुर का सदस्य बनने के लिए
संपर्क करे -98271 08951, 93298 02580, 913115 5033, 98934 58366



# उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ छठ महोत्सव का समापन

लोक आस्था का महापर्व छठ महोत्सव उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। मंगलवार को सुबह छठी मैया और सूर्य देव की आराधना, उपासना के लिए तोरवा स्थित विश्व के सबसे बड़े स्थाई छठ घाट में हजारों श्रद्धालु पहुंचे। व्रतियों ने उगते सूरज को अर्घ्य देकर अपने व्रत का पारण किया।



## व्रतियों ने अदरक, गुड़ खाकर किया व्रत का पारण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पाटलीपुत्रा संस्कृति विकास मंच के तत्वावधान में छठ घाट में छठ पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस चार दिवसीय आयोजन में हजारों लोगों ने भाग लेकर माता छठी के प्रति अपनी आस्था जताई। मंगलवार को समापन पर व्रतियों का रात्रि के तीन बजे से घाट आना शुरू हो गया था।

सभी व्रती पहले से आकर घाट में भगवान सूर्य के उदय होने का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही सूर्यदेव निकले जय छठी मईया के घोष के साथ पूजन, अर्घ्य देकर जल में दीये प्रवाहित किए। इससे पूरा घाट दीयों की रौशनी से जगमगा रहा था। अर्घ्य देने के बाद व्रती घर पहुंच कर अदरक व गुड़ खाकर अपने व्रत का पारण किए एवं गोभी की सब्जी सहित तैयार शाकाहारी भोजन ग्रहण किए। दूसरे दिन की अर्घ्य के लिए छठ पूजा समिति की ओर से दूध की व्यवस्था की गई थी।

अंत में छठ पूजा समिति की ओर से जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम सहित अन्य सभी विभागों के प्रति सहयोग के लिए आभार जताया गया। अंतिम दिन मंगलवार को सुबह की छठ पूजा में महापौर पूजा विधानी, पूर्व महापौर किशोर राय, भाजपा अध्यक्ष दीपक ठाकुर, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार भी शामिल हुए।

### प्रकृति पूजा एवं पर्यावरण संरक्षण का पर्व

छठ घाट पर सामूहिक अर्घ्य साहित्यकार डॉ बृजेश सिंह ने मंत्रोच्चारण का दायित्व निर्वहित किया। इस अवसर पर तीस मिनट तक आपने अपनी आध्यात्मिक कविताओं की प्रस्तुति दी जिसे जनमानस की सराहना मिली। पर्यावरणविद डॉ बृजेश सिंह का मानना है कि वस्तुतः छठ पर्व सूर्य अर्थात प्रकृति की पूजा का महापर्व है जो स्वच्छ जल स्रोत से सीधा जुड़ा हुआ है। छठ पर्व नदियों एवं जलाशयों की स्वच्छता पर विशेष ध्यानाकर्षण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश संप्रेषित करता है। पर्यावरण विमर्श की दृष्टि से छठ महापर्व अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इस महापर्व को मनाने के लिए व्यापक रूप से नदियों एवं जलाशयों की साफ सफाई की जाती है। स्पष्ट है कि स्वच्छ जल में ही अर्घ्य समर्पित किया जा सकता है। षष्ठी माता का पूजन प्रकृति के निकट पहुँचने का पावन उपक्रम है। पंचतत्व में जल का विशेष महत्व है, शास्त्रों में जल को प्रदूषित करना अक्षम्य अपराध निर्दिष्ट किया गया है।



### इनका रहा सहयोग

आयोजन को सफल बनाने में छठ पूजा समिति के सदस्य प्रवीण झा, अभय नारायण राय, आरपी सिंह, रौशन सिंह, सुधीर झा, डीएन ओझा, दिलीप चौधरी, धनंजय झा, प्रशांत सिंह, हरिशंकर कुशवाहा, गणेश गिरी, एके कंठ, राजीव गिरी, चन्द्र किशोर प्रसाद, रामसखा चौधरी, धीरज झा सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

### विधायक अमर पहुंचे छठघाट

लोक महापर्व छठ पूजा की पूर्णाहुति पर शहर विधायक अमर अग्रवाल के साथ भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रौशन सिंह ने उगते सूर्य देव को नमन कर अर्घ्य दिया एवं सुख, समृद्धि की कामना की। विधायक ने पूरे घाट प्रांगण में भ्रमण कर श्रद्धालुओं व प्रदेशवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी और प्रार्थना की कि भगवान भास्कर व छठी मैया की कृपा सब पर सदैव बनी रहे।



### छठी मइया से लिया आशीर्वाद

उद्योगपति व छठ पूजा समिति के प्रमुख प्रवीण झा ने सपरिवार चार दिवसीय इस अनुष्ठान में भाग लेकर अर्घ्य दिया एवं छठ पूजा की दिव्य परंपरा व सनातन संस्कृति से ओतप्रोत छठ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया और श्रद्धालुओं से भेंटकर उन्हें शुभकामनाएं दी।



### धूप दीप जला कर की आरती

सरकंडा बहतराई क्षेत्र के दास परिवार ने विधि-विधान से घाट में पूजा अर्चना कर सूर्य देव को अर्घ्य दिया एवं धूप, दीप दिखाकर आरती की। इस अवसर पर नरेंद्र दास, रूपम दास, डॉ धर्मेंद्र कुमार दास, बर्षा दास, समृद्धि दास मौजूद रहे।



कार्यक्रम

## शहीद परिवारों, एनसीसी कैडेट्स सीआरपीएफ के जवानों का सम्मान



**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मेडिटेशन ट्रेनिंग सेंटर रघु विहार के तत्वावधान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मंचस्थ अतिथियों के स्वागत बाद मेजर योगेंद्र सिंह ने शहीद परिवारों, एनसीसी कैडेट्स एवं सीआरपीएफ के जवानों का सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कारगिल युद्ध के योद्धा परमवीर चक्र विजेता सूबेदार कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर ब्रह्माकुमारी डॉ. रानी बहन एवं लेफ्टिनेंट कर्नल बी.के. विकास चौहान उपस्थित रहे। मंच पर माउंट आबू से आए यूथ विंग के नेशनल को-आर्डिनेटर बी.के. रूपेश भाई, बी.के. रमा दीदी एवं बी.के स्वाती दीदी भी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ की गई। कार्यक्रम का संचालन मेडिटेशन ट्रेनिंग सेंटर के केयर टेकर एवं कार्यक्रम आयोजक समिति के अध्यक्ष बी.के. विकास भाई ने किया। बी.के. स्वाती दीदी ने स्वागत भाषण दिया। बी.के. राखी दीदी ने परमात्म संदेश एवं ब्रह्माकुमारी संस्था का परिचय दिया।

आयोजन

## सिद्ध कुंजिका महालक्ष्मी हवन आहुति देकर किया गया पाठ



**बिलासपुर।** श्री सांई कृपा हॉस्पिटल सरजू बगीचा रोड तेलीपारा में श्री सिद्ध कुंजिका महालक्ष्मी हवन का आयोजन किया गया। 11 शंख नाद से यज्ञ की शुरुआत हुई। वेदी पूजन अग्नि देव पूजन के बाद सिद्ध कुंजिका के मंत्रों से आहुति दी गई। इसके बाद 1008 आहुति माता लक्ष्मी के मंत्र से दी गई। नवरात्रि से लगातार साधकों ने प्रतिदिन श्री सिद्ध कुंजिका का पाठ किया और माता श्री लक्ष्मी के मंत्रों का जप किया। 21 हवन कुंडों का निर्माण ईंटों से किया। जिनको गाय के गोबर से लिप कर जड़ी बूटियों से आहूतियां दी गई। आहूतियों से वातावरण शुद्ध होता है। सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करती है। हानिकारक जीवाणुओं को खत्म करता है। हवन के अंत में माता लक्ष्मी की आरती की गई। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सेवा साधक पुनीत ढंढारिया, गणेश गर्ग, प्रवीण वर्मा, अनु गर्ग, टिवंकल गंभीर, आनू वैष्णव का सहयोग रहा। सेवा साधक पुनीत ढंढारिया ने हवन के धार्मिक महत्व पर जोर दिया। यह सकारात्मक ऊर्जा लाता है।

## शिव परिवार का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह कल से



### घोंघाबाबा मंदिर परिसर में होगा आयोजन

घोंघाबाबा मंदिर परिसर में गुरुवार 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक दो कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें 15 वां श्री श्याम वार्षिकोत्सव 31 अक्टूबर को प्रारंभ हो रहा है। इसका रविवार 2 नवंबर को समापन होगा। वहीं राम मंदिर न्यास के अंतर्गत डेढ़ सौ साल पुराना मंदिर का जिर्णोद्धार करा शिव परिवार की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा कराई जाएगी।

### शिवलिंगी रहेगा आकर्षण का केंद्र

शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शिवलिंगी फूल का पेड़ आकर्षण का केंद्र रहेगा। यह एक अत्यंत दुर्लभ फूल का पेड़ है। जिसे साउथ से लाकर मंदिर परिसर में लगाया गया है। यह साल में एक बार सावन महीने में खिलता है। इस फूल की विशेषता यह है कि इसके अंदर में शिव भगवान जैसा आकार रहता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री श्याम मंदिर परिसर में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में श्रीराम मंदिर बलखंडी बाबा कमेटी न्यास बिलासपुर के अध्यक्ष व प्रबंध न्यासी मंगतराय अग्रवाल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि देवाधिदेव ललितेश्वर महोदव एवं नवग्रह विग्रह प्रतिष्ठा महोत्सव गुरुवार 30 अक्टूबर से आरंभ होगा। इसी दिन मंडप प्रवेश, चारों वेदों की स्थापना व पूजन होगा। अरणी मंथन द्वारा अग्नि प्राकट्य होगा।

शुक्रवार 31 अक्टूबर को चारों वेदों का परायण, रूद्र व नवग्रह होम होगा। शनिवार 1 नवम्बर को रूद्रार्चन, मूर्तियों का जलाधिवास, रविवार 2 नवंबर प्रतिष्ठांग होम, मूर्तियों का अन्नाधिवास, सोमवार 3 नवंबर को दैनिक पूजन व होम मूर्तियों का घृताधिवास होगा। मंगलवार 4 नवंबर को मूर्तियों की शोभायात्रा निकाली जाएगी। मूर्तियों व शिखर अभिषेक, मूर्तियों का शैय्याधिवास, बुधवार 5 नवंबर को सुबह 11 बजे विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ देवाधिदेव ललितेश्वर महोदव एवं नवग्रह विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। सुबह साढ़े 11 बजे पूर्णाहुति एवं दोपहर 12 बजे प्रसाद वितरण होगा। वहीं भगवान आशुतोष की असीम कृपा एवं न्यास के संरक्षक गुरुदेव ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के आशीर्वाद से देवाधिदेव भगवान ललितेश्वर महोदव देवालय जीर्णोद्धार पुनः स्थापना प्राण प्रतिष्ठा एवं नवग्रह विग्रह स्थापना महोत्सव भी 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगा।



इसमें पूज्य श्रीचक्र महामेरु पीठाधिपति अनंत श्री विभूषित श्रीश्री सच्चिदानंद तीर्थ महास्वामी महाराज एवं यज्ञ के आचार्य पूज्य पं. वीरेश्वर (धनंजय) दातार का सानिध्य प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि इस पूजा को संपन्न कराने 14 लोगों की वैदिक टीम भी आ रही है। मंदिर में गुंबज को काशी विश्वनाथ की तर्ज पर बनवाया गया है। इस मौके पर मंगतराय अग्रवाल, कमल सोनी, शेखर मुदलियार एवं अनिल अग्रवाल उपस्थित थे।

## गोपाष्टमी आज, गौ शालाओं में होगी गायों की पूजा



**बिलासपुर।** शहर में बुधवार 29 अक्टूबर को गोपाष्टमी पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व पर शहर के गौ शालाओं में गायों की पूजा कर उन्हें भोग लगाए जाएंगे।

■ लगाए जाएंगे भोग, की जाएगी महाआरती

डेढ़ सौ साल पुराना श्रीकृष्ण गौशाला दयालबंद में सुबह 9 से 12 बजे तक गोपाष्टमी की धूम रहेगी। इस दौरान गायों की पूजा कर उन्हें चारा खिलाया जाएगा। पशु क्रूरता जिला समिति के मेंबर मंगत राय अग्रवाल ने बताया कि अभी श्रीकृष्ण गौशाला में 161 गोवंश है। जिसे दान दाताओं के सहयोग से चलाया जा रहा है।

### गौ सेवक निकालेंगे शोभायात्रा

बिलासपुर गौसेवा धाम के तत्वावधान में 29 अक्टूबर को एक शोभायात्रा निकाली जा रही है। गौसेवक विपुल शर्मा ने बताया कि प्रातः 11 बजे बिलासपुर गौसेवा धाम से शोभायात्रा प्रारंभ होगी जो शहर में मुख्य मार्ग गोलबाजार, सिम्स चौक, देवकी नंदन चौक होते हुए श्रीराम मंदिर तिलक नगर में विश्राम होगी। इस यात्रा में साधु, संत, गौ भक्त शामिल होंगे। बैंड बाजा, भजन मंडली व जीवंत झांकी के साथ निकली कलश यात्रा में गौमाता भी चलेगी। गौमाता को छप्पन भोग लगा कर महाआरती की जाएगी। संध्या 6 बजे से दिव्य गौ कथा होगी। जिसमें गोपाल कृष्ण रामानुज दास कथा का वाचन करेंगे। रात्रि 8 बजे से भजन संध्या होगी।

स्पोर्ट्स न्यूज

सब जूनियर बालक व बालिका चैंपियनशिप

## कबड्डी में बिलासपुर की टीम विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

25वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक व बालिका कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन जिला कबड्डी संघ गौरेला पेंड्रा मरवाही की मेजबानी में पेंड्रा मे आयोजित किया गया। बिलासपुर नगर की टीम सब जूनियर ओपन कबड्डी प्रतियोगिता में लगातार 16वीं बार बिलासपुर की टीम विजेता बनी है, फाइनल मुकाबला बिलासपुर नगर व बिलासपुर जिला के मध्य खेला गया जिसमे बिलासपुर नगर ने मुकाबले में 21 अंको से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम किया। इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में बिलासपुर नगर ने पेंड्रा को 26 अंको से हराकर फाइनल मे पंहुचा था। वही सेमीफाइनल में कांकेर जिला को 40 अंको से हराकर फाइनल मे पंहुचा था। खिलाड़ियों के विजेता व उपविजेता बनने पर वरिष्ठ कबड्डी प्रशिक्षक हेमंत यादव, पुन्नी राम साहू, जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष जीवन मिश्रा, जिला कबड्डी संघ उपाध्यक्ष सौरभ राय, जिला कबड्डी संघ सचिव प्रदीप यादव, नगर कबड्डी संघ अध्यक्ष अवध राम चंद्राकर, सचिव जितेंद्र सराफ ने शुभकामनाएं दी।





## बैडमिंटन के सेमीफाइनल में पहुंचे आर्या

राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में कक्षा दसवीं के आर्या दुबे सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला रायपुर से आए हुए बैडमिंटन खिलाड़ी से होगा।

व्याख्याता मनोज कुमार यादव ने बताया कि राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन अंबिकापुर के मल्टीपरपज स्टेडियम गांधी चौक में आयोजित हो रहा है। इसमें प्राचार्य एचपी ओगर ने कहा कि स्कूल के लिए बहुत गौरव का क्षण है। वह लगातार कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास से यह उपलब्धि हासिल की है।



# 30 साल बाद फिर सिनेमाघरों में दस्तक देगी 'रंगीला'

**मुंबई।** आमिर खान, उर्मिला मातोंडकर और जैकी श्रॉफ स्टारर सुपरहिट फिल्म 'रंगीला' एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अपनी रिलीज के ठीक 30 साल बाद रंगीला सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। इस बार दर्शक इस फिल्म को नए 4के एचडी रीस्टोर्ड वर्जन में देखे सकेंगे। रामगोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित रंगीला 28 नवंबर को सिनेमाघरों में री-रिलीज होगी। रंगीला साल 1995 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। एआर रहमान के संगीत से सजी इस फिल्म में शहरी महत्वाकांक्षाओं और सपनों को दिखाया गया था। फिल्म की कहानी उस वक्त काफी पसंद की गई थी और रंगीला बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही थी।

लाइफ Style



# सोनम

## बॉलीवुड डेब्यू के लिए बेलने पड़े खूब पापड़

अभिनेत्री सोनम बाजवा पंजाबी इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। इन दिनों उन्हें फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' में देखा जा रहा है। पंजाबी इंडस्ट्री में अच्छा-खासा काम कर चुकीं सोनम को बॉलीवुड में आने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। इस बारे में बात कर उनका दर्द छलक आया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सोनम बाजवा ने दावा किया कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को पंजाब फिल्म इंडस्ट्री में उनके काम के बारे में पता नहीं था। बॉलीवुड के लोगों को वे सिर्फ सिनेमा के लिए एक ग्लैमरस फेस लगीं। एक इंटरव्यू में सोनम ने बताया कि पंजाबी सिनेमा में अलग-अलग तरह की फिल्में करने के बावजूद हिंदी फिल्ममेकर्स को उन्हें उनकी ग्लैमरस इमेज से हटकर देखना मुश्किल लगता था। इसके चलते सोनम को बॉलीवुड डेब्यू से पहले लंबा इंतजार करना पड़ा। सोनम बाजवा ने कहा, 'मैंने इतने वर्षों तक इंतजार किया, ताकि मुझे एक ऐसी हिंदी फिल्म मिले, जिसमें मेरे पास कुछ करने को हो। एक एक्टर के तौर पर भी, न कि सिर्फ इसलिए कि मैं अच्छी दिखती हूं या ग्लैमरस हूं। जब भी मेरे पास ऑफर आते थे, तो हमेशा ऐसा लगता था कि हिंदी सिनेमा में लोगों ने मेरा पंजाबी काम सच में देखा ही नहीं है। इसलिए, उनके लिए मुझे एक नॉन-ग्लैमरस रोल में सोचना भी मुश्किल था'। सोनम बाजवा ने बॉलीवुड फिल्ममेकर्स के बीच लगातार हो रही टाइपकास्टिंग पर नाराजगी जताई, जिससे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें परफॉर्मेंस वाले रोल मिलने के मौके कम हो गए हैं।

हॉलीवुड मसाला



# नए लुक में 22 साल के दिख रहे

**लॉस एंजिल्स।** जस्टिन बीबर इन दिनों अपने लुक से चर्चा बटोर रहे हैं। वो सैन डिएगो में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ थे। वो डिजॉन के गानों पर झूम रहे थे। उनके क्लीन शेव लुक पर फैंस मर मिटे हैं। फैंस कह रहे हैं कि वो 22 साल के जवान लग रहे हैं। पॉप आइकन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने अपने लुक से सभी का ध्यान खींचा है। वो सैन डिएगो में डिजॉन के कॉन्सर्ट में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ झूम रहे थे। उनके नए लुक से फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।



# ए क्रिसमस केरोल से की कॅरियर की शुरुआत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अदाकारा जून लॉकहार्ट अब हमारे बीच नहीं रहीं। 100 साल की उम्र में उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता मोनिका स्थित अपने घर में आखिरी सांस ली। उनके चेहरे की मुस्कान और आंखों की चमक ने पीढ़ियों तक दर्शकों का दिल जीता। जून लॉकहार्ट उन कुछ अभिनेत्रियों में से थीं जिन्होंने सिनेमा के स्वर्ण युग से लेकर आधुनिक टीवी युग तक, हर दौर में अपनी पहचान बनाए रखी। 1938 में परिवार के साथ उन्होंने 'अ क्रिसमस केरोल' से अपने कॅरियर की शुरुआत की और पहले ही प्रोजेक्ट से दर्शकों को उन्हें इंप्रेस किया था। 1950 और 60 के दशक में जून लॉकहार्ट टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना नाम बन चुकी थीं। सीरीज 'लेजी' में उन्होंने रुथ मार्टिन का किरदार निभाया जिसे दर्शकों ने काफी प्यार दिया।



# शाहरुख से मिलना चाहते हैं एनरिक

**मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध पॉप स्टार एनरिक इग्लेसियस 21 साल बाद मुंबई में वापसी कर रहे हैं। वह 29 और 30 अक्तूबर को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमएमआरडीए ग्राउंड्स में कॉन्सर्ट करेंगे। यह वही जगह है जहां उन्होंने 2004 में आखिरी बार प्रदर्शन किया था। उनके प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनरिक, जो बॉलीवुड के बड़े प्रशंसक हैं, इस दौरान शाहरुख खान, गौरी खान और उनके बच्चों-आर्यन, सुहाना और अबराम से मिलने की योजना बना रहे हैं। यह उनकी तीसरी भारत यात्रा है। वे मुंबई की संस्कृति और आध्यात्मिकता को करीब से जानना चाहते हैं। इसके लिए वे कोलाबा कॉजवे, सिद्धिविनायक मंदिर और गांधी संग्रहालय भी जाएंगे। पहले शो के टिकट कुछ ही घंटों में बिक गए हैं, जिसके बाद दूसरा शो भी जोड़ा गया।



# पूरी फीस कैंसर पीड़ित बच्चों को किया दान

**मुंबई।** विवेक ओबेरॉय इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। जिनमें नमित मल्होत्रा की 'रामायण', प्रभास के साथ 'स्पिरिट' और फिल्म 'मस्ती 4' शामिल है। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित फिल्म 'रामायण' में विवेक रावण के भाई विभीषण की भूमिका निभाएंगे। विवेक ओबेरॉय ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैंने निर्माता नमित मल्होत्रा से कहा कि मुझे विभीषण की भूमिका के लिए एक पैसा नहीं चाहिए। पूरी फीस मैं कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए दान करूंगा। मुझे उनका काम पसंद है और यह फिल्म भारतीय सिनेमा को दुनिया में चमकाएगी। पहली भाग की एडिटिंग पूरी हो गई। शूटिंग जून 2025 में खत्म हुई। अब वीएफएक्स पर 300 दिन काम होगा। पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है।' विवेक ने फिल्म को लेकर आगे कहा, ''रामायण' एक ऐतिहासिक फिल्म है।

टीवी मसाला



# बाहर आते ही बसीर ने तान्या के गेम को किया एक्सपोज

**नई दिल्ली।** बसीर अली ने शो से बाहर आते ही चुप्पी तोड़ दी है। बाहर निकलते ही उन्होंने एक बातचीत में कई चौंकाने वाले बयान दिए और शो की सच्चाई सामने रखी। उनका कहना है कि घर के अंदर सब कुछ उतना रियल नहीं था, जितना दिखाया गया। एविक्शन पर बात करते हुए बसीर कहते हैं कि वह खुद भी इस नतीजे से शॉक में थे। 'मुझे अब तक यकीन नहीं होता कि मैं एविक्ट हो गया। मुझे नहीं लगता कि ऑडियंस ने मुझे कम वोट दिए। मैंने हमेशा ऑडियंस के लिए सच्चाई से खेला। लेकिन, कई बार रियलिटी शो में रियलिटी पीछे रह जाती है और नैरेटिव जीत जाता है। शायद मेरे साथ भी वही हुआ। मेकर्स का फैसला था। उनके निर्णय को कोई मना नहीं कर सकता, लेकिन दिल में सवाल जरूर हैं। तान्या के गेम पर खुलकर बोलते हुए बसीर ने कहा, 'तान्या बहुत चालाक खिलाड़ी है। वो हर पल सोचती है कि क्या बोलना है, कब रोना है, कब भावुक होना है। उसकी हर हरकत कैमरे के लिए होती है। वो चाहती है कि लोग उसे स्ट्रॉन्ग और इमोशनल समझें, लेकिन असल में वो वैसी नहीं है। घर के अंदर वो ड्रामा करती है, ताकि लोगों को उसकी सहानुभूति मिले। सच्चाई ये है कि तान्या सबसे बड़ी फेक इंसान है। वो अच्छी परफॉर्मर है, लेकिन ईमानदार नहीं। तान्या घर की सबसे बड़ी मैनिपुलेटर है।' बसीर कहते हैं कि आज की दुनिया में सच्चाई को कमजोरी समझा जाता है। 'मुझे हमेशा कहा गया कि थोड़ा डिप्लोमैटिक बनो, लेकिन मैं वैसा नहीं हूं। मैंने जो महसूस किया, वही कहा।

## फिर आया अभिरा -अरमान की जिंदगी में तूफान

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में एक लंबे वक्त के बाद अभिरा और अरमान की जिंदगी में मुश्किलों का दौर खत्म हुआ। लेकिन ,अचानक एक बड़ा तूफान इनकी जिंदगी में आ गया है। एक फेक एआई वीडियो अभिरा और अरमान का वायरल हो रहा है। अभिरा और अरमान के परिवार को एक अश्लील वायरल वीडियो के बारे में पता चलता है। इस वजह से परिवार में हंगामा हो जाता है। इस बात से अरमान और अभिरा भी परेशान हैं। अरमान को समझ नहीं आ रहा है ये क्या हो रहा है? लेकिन अभिरा जल्द ही समझ जाती है कि यह फेक एआई वीडियो है। अरमान इस वीडियो को इंटरनेट से हटाने की कोशिश में लगा है। अरमान और अभिरा का फेक एआई वीडियो बनाने के पीछे कुछ लड़कों का हाथ है। दरअसल, कुछ दिन पहले अरमान और अभिरा डेट पर गए थे। जहां कुछ बिगड़ैल लड़कों से उनकी तू-तू, मैं-मैं होती है।



# नीसा और ओरी ने रीक्रिएट किया 29 साल पुराना फोटोशूट

**मुंबई।** सिनेमा की दुनिया में रिक्रिएशन बड़ी शै है। पुराने गाने रिक्रिएट होते हैं। फिल्मों में सीन रिक्रिएट होते हैं। अब रिक्रिएशन का नया प्रयोग हाल ही में नीसा देवगन और ओरी ने किया है। नीसा ने ओरी के साथ मिलकर अपनी मां काजोल के करीब 29 साल पुराने बोल्ड फोटोशूट को रिक्रिएट किया है। जिन्हें नहीं मालूम उन्हें बता दें कि साल 1996 में काजोल और दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने एक मैगजीन के लिए बेहद बोल्ड फोटोशूट कराया था। इस पर जमकर बवाल हुआ था। उसी फोटोशूट को अब ओरी और नीसा ने रिक्रिएट किया है। ओरी और नीसा ने यह फोटोशूट हैलोवीन से पहले मजाकिया अंदाज में कराया है। नीसा जहां काजोल की जगह पोज देती दिख रही हैं, वहीं ओरी ने दिग्गज एक्ट्रेस रेखा की जगह पोज दिए हैं। ओरी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से रिक्रिएशन की वीडियो भी शेयर की है। ओरी कहते दिख रहे हैं, 'हम अपने पसंदीदा लोगों से इंस्पायर्ड एक मजेदार हैलोवीन शूट कर रहे हैं। नीसा ने जवाब दिया, 'मेरी पसंदीदा मेरी मां (काजोल) हैं'। वहीं, ओरी ने कहा, 'और मेरी पसंदीदा हैं द मदर (रेखा)'। नीसा और ओरी ने वह पोज भी दिया है, जिस पर सबसे ज्यादा हंगामा मचा था। दरअसल, मैगजीन के लिए कराए गए फोटोशूट में रेखा और काजोल ने काफी बोल्ड पोज देकर तहलका मचा दिया था। दोनों के एक पोज पर तो इतना हंगामा मचा कि दोनों के खिलाफ भारतीय संस्कृति के साथ खिलवाड़ के आरोप लगे। व्हाइट कलर के एक ही स्वेटर में दोनों अदाकाराओं ने पोज दिए थे।





# लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना : यामी गौतम

**मुंबई।** शांत और दृढ़ विश्वास वाले किरदारों को निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री यामी गौतम, अपनी अगली बड़ी रिलीज, 'हक' के लिए तैयार हैं। इसमें उनके साथ इमरान हाशमी भी हैं। ऐतिहासिक शाह बानो मामले से प्रेरित यह फिल्म न्याय, पहचान और आस्था के विषयों पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यामी गौतम से पूछा गया कि हाल के वर्षों में उन्होंने जिस तरह की फिल्में चुनी हैं, उनके कारण उन्हें अक्सर 'राष्ट्रवादी' कहा जाता है। इस पर उनका क्या कहना है? इस पर अभिनेत्री ने हंस कर इस लेबल को खारिज कर दिया। राष्ट्रवादी का टैग दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर यामी ने कहा, 'लेबल है, मुझे पता भी नहीं है। अगर है तो लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना।' उन्होंने कहा, 'ये नहीं तो कुछ और लेबल, फिर कुछ और, फिर कुछ और। पहले कुछ और था। पहले कुछ अंडररेटेड लेबल था। उससे पहले कुछ और था। यह बदलता रहता है। मैं वो सब नहीं जानती हूं।' यामी गौतम ने बताया कि फिल्म 'हक' उनके लिए सिर्फ एक कोर्टरूम ड्रामा नहीं था। यामी ने कहा, 'यह विषय सार्वजनिक जीवन में रहा है। मैं हमेशा सोचती हूं कि शाजिया जैसी महिला को किस तरह की ताकत और साहस की जरूरत रही होगी। अगर मुझे ऐसी महिलाओं की कहानी कहने के मौके मिलते हैं, तो मैं जरूर कहूंगी।'



## रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा

# ओटीटी पर इस हफ्ते दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली।* *इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के लिए मनोरंजन का जबरदस्त धमाका होने जा रहा है। अलग-अलग शैलियों की कई बड़ी फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं, जिनमें रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा। नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और एप्पल टीवी जैसे प्लेटफॉर्म्स पर दर्शकों को इस हफ्ते भरपूर कंटेंट मिलने वाला है।*



**कांतारा चैप्टर 1 :** कन्नड़ फिल्म 'कांतारा' ने पिछले साल सिनेमा जगत में नई पहचान बनाई थी और अब इसका प्रीक्वल 'कांतारा चैप्टर 1' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने जा रहा है। निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी इस फिल्म में दो अलग-अलग किरदार निभा रहे हैं। कहानी पुराने कालखंड में स्थापित है, जहां 'बूता कोला' परंपरा की जड़ों को दिखाया गया है। इस फिल्म में जयाराम, रुक्मिणी वसंत और गुलशन देवैया जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। यह फिल्म 31 अक्टूबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**लोका चैप्टर 1 :** निर्देशक डॉमिनिक अरुण की मलयालम फिल्म 'लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा' इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म में कल्याणी प्रियदर्शन मुख्य भूमिका निभा रही हैं। कहानी एक रहस्यमयी महिला 'चंद्रा' की है, जो स्वीडन से भारत लौटती है और बेंगलुरु में हो रहे मानव तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ लड़ाई छेड़ देती है। महिला सुपरहीरो पर आधारित यह फिल्म मलयालम सिनेमा में एक नया अध्याय खोलती है। फिल्म 31 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर उपलब्ध होगी।






**इट: वेलकम टू डेरी :** दुनियाभर में मशहूर हॉरर कहानी 'इट' की नई किस्त 'इट: वेलकम टू डेरी' 27 अक्टूबर से जियोहॉटस्टार पर देखने को मिल रही है। यह कहानी 1962 के दशक के उस शहर की है, जहां एक बार फिर जोकर 'पेनीवाइज' का खौफ लौट आता है। डर और रहस्य से भरी इस सीरीज में दर्शकों को पुराने समय की पृष्ठभूमि के साथ हॉरर का गहरा अनुभव मिलेगा।

**हेड्डा :** अमेजन प्राइम वीडियो पर 'हेड्डा' नाम की एक दमदार ड्रामा फिल्म 29 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है। फिल्म की कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है जो सामाजिक बंधनों और निजी इच्छाओं के बीच संघर्ष करती है। इसमें कलाकारों का अभिनय और गहराई से लिखा गया डायलॉग फिल्म को खास बनाता है।

**डाउन सिमेट्री रोड :** ब्रिटिश रहस्य और अपराध पर आधारित सीरीज 'डाउन सिमेट्री रोड' 29 अक्टूबर को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में दो महिलाएं एक लापता लड़की की तलाश में निकलती हैं और इस खोज के दौरान एक बड़े रहस्य से पर्दा उठता है।

**द विचर सीजन 4 :** लोकप्रिय फैंटेसी सीरीज 'द विचर' का चौथा सीजन 30 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगा। इस बार मुख्य किरदार 'गेराल्ट' के रूप में नया चेहरा नजर आएगा। कहानी में युद्धग्रस्त दुनिया, जादू और राजनीतिक साजिशों के बीच येनिफर और सिरी की जुदाई इस सीजन का मुख्य केंद्र है।

## खबर संक्षेप

### पीएनबी ने सतर्कता जागरुकता सप्ताह पर बनाई मानव श्रृंखला और वॉकथॉन



**बिलासपुर।** पंजाब नेशनल बैंक में निवारक सतर्कता पर 18 अगस्त से 17 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। बैंक अफसरों ने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह, भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में केंद्रीय सतर्कता आयोग की सहभागी सतर्कता पहलों में से एक है। यह एक जागरूकता निर्माण और आउटरीच उपाय है जिसका उद्देश्य सभी हितधारकों को एक साथ लाना है। यह शासन और लोक प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता की आवश्यकता के बारे में अधिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। आयोग सभी नागरिकों के सक्रिय समर्थन और भागीदारी से ईमानदारी को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार उन्मूलन का प्रयास करता है। हर साल सतर्कता जागरूकता सप्ताह उस सप्ताह मनाया जाता है जिस सप्ताह भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्मदिन पड़ता है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025, 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक "सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर मनाया जा रहा है। 27 अक्टूबर को पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय बिलासपुर में उप मंडल प्रमुख दिव्य रंजन नायक ने द्वारा सभी कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा शपथ दिलाई। मुख्य प्रबंधक कमल किशोर झा, राजेश कुमार, विनय देमता ने भाग लिया। 28 अक्टूबर को मंडल कार्यालय बिलासपुर में उप मंडल प्रमुख दिव्य रंजन नायक के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के विरुद्ध मानव श्रृंखला एवं वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक कमल किशोर झा, राजेश कुमार, विनय देमता आदि ने भाग लिया। उप मंडल प्रमुख दिव्य रंजन नायक ने बताया कि भ्रष्टाचार से लड़ना केवल सरकार या संगठनों की जिम्मेदारी नहीं।

### अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय ने संजना को दी पीएचडी की उपाधि

**बिलासपुर।** अटल बिहारी बाजपेई विवि ने संजना सोनी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। इन्होंने अपना शोध कार्य शासकीय ई. राघवेंद्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय की रसायन शास्त्र विषय की सहायक प्राध्यापिका डा. रीता बाजपेई के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। इनके शोध का विषय कम्परेटिव स्टडी आफ फाइटोकेमिकल स्क्रीनिंग एण्ड मेडिसिनल प्रॉपर्टीज आफ जिंजर विथ सेलेक्टेड मेडिसिनल प्लाण्ट्स था।



### सांडों की लड़ाई से त्रस्त हैं मोहल्लेवासी कोई नहीं है सुध लेने वाला



**बिलासपुर।** वार्ड नंबर 35 कृष्णा नगर जूना बिलासपुर में गली के लोग सांडों की लड़ाई से परेशान हैं। पार्षद आशीष कुमार गुप्ता से शिकायत की गई है। अधिवक्ता प्रदीप राजगीर के घर के सामने विगत कई दिनों से यह सांडों का लड़ना जारी है और सबसे चिंता की बात है कि यहां स्कूल है। पास में आदर्श कान्वेंट, पुत्री शाला है यहां बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बेलगाम सांड यहां के वाहनों को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। नगर निगम का मामला कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

### सड़क मरम्मत सहित तमाम निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज साप्ताहिक टीएल बैठक में राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सड़क मरम्मत सहित तमाम निर्माण कार्यों में अब तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के बाद निर्माण कार्यों के लिए अनुकूल माहौल है। लिहाजा कार्य-योजना के अनुरूप युद्धगति से समय-सीमा में काम पूर्ण कर लोगों को सुविधा दी जाए।

---

**9 विभागों के ओपीडी, यूरोलॉजी में आईपीडी की सुविधा** | **एनटीपीसी, ट्रांसएशिया, एचडीएफसी, कोल इंडिया जैसे संस्थानों से मिला भरोसा**

# सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में साढ़े 12 हजार मरीजों को मिला इलाज



**बिलासपुर।** धन्वंतरी जयंती पर पिछले साल शुरू हुआ कोनी स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल अब गति पकड़ चुका है। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के फेस 4 के तहत बने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 9 विभाग शुरू कराए जा चुके हैं। वहीं 5 डायलिसिस मशीन, वेंटीलेटर, कैथ लैब, जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। खास बात यह है कि 10 मरीजों के साथ शुरू हुए अस्पताल में अब रोजाना 100 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। वहीं एनटीपीसी, एचडीएफसी, कोल इंडिया, पॉवर ग्रिड जैसी संस्थान मरीजों के बेहतर इलाज के लिए संसाधनों की व्यवस्था में लगे हैं।

240 बिस्तर, 11 मंजिल की सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पहले दिन महज 10 मरीज ही इलाज करा सके थे, समय के साथ एक साल के भीतर 110 से 120 मरीज प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। इस दौरान 9 विभाग जिसमें न्यूरो सर्जरी, न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी, रेस्पिरेटरी मेडिसीन, जनरल मेडिसीन, पैथोलॉजी, रेडियोडाग्नोसिस, एनेस्थिसीया विभाग की ओपीडी शुरू हो चुकी है। खास बात यह है कि चिकित्सा अधीक्षक बीपी सिंह के मार्गदर्शन में लिथोट्रिप्सी सुविधा शुरू की गई है, जिसमें मरीजों को भर्ती करके उपचार किया जा रहा है, बिना चिर- फाड़ के किडनी के स्टोन निकाले में अस्पताल लोगों के लिए विश्वसीय साबित हो चुका है। इसके साथ ही 5 डायलिसिस बेड बनकर तैयार है। अस्पताल में ट्राइएज और सीएसएसडी भी बन चुकी है। बताया जा रहा है कि आईसीसीयू वार्ड के कुछ सामानों और उपकरण लगाना बाकी है, इसके बाद महज 2 माह में आईसीसीयू वार्ड भी शुरू कराया जा सकेगा।

इस दौरान सरकार ने अस्पताल का नामकरण करते हुए कुंवर साहब स्व श्री दिलीप सिंह जूदेव जी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कर दिया गया गया है।

### जल्द शुरू होगी यह सुविधा

हास्पिटल में 200 करोड़ की लागत से सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाया गया है। सीपीडब्ल्यूडी द्वारा 109 करोड़ का ठेका किया गया था, जबकि 90 करोड़ रूपए की लागत से अबतक उपकरण लगाए गए हैं। 11 मंजिली बिल्डिंग में सीटी स्कैन, एमआरआई, डिजिटल एक्स-रे, कलर डॉपलर टीएमटी मशीन जैसी सुविधाएं हैं। 240 बिस्तर के अस्पताल में 70 आईसीयू एवं आईसीसीयू बेड रहेंगे। साथ ही 8 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर भी बनाए गए हैं। अस्पताल में एनीमिया, सिकल सेल व रक्त केंसर के मरीजों के लिए हिमेटोलॉजी क्लिनिक, शुगर मरीजों के लिए डायबिटीज व अस्थमा क्लिनिक की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन टेलीमेडिसिन विभाग तैयार किया जा रहा है, जिससे दूरस्थ इलाकों में भी सुपर स्पेशलिटी सर्विसेज दी जाएगी। वहीं अबतक 7 करोड़ रूपए सीएसआर मद से प्राप्त हो चुके है। किचन, लॉन्ड्री, मरच्यूरी, बॉयोमेडिकल वेस्ट, परिजन विश्राम गृह, ऑक्सीजन गेस प्लांट, कैथलैब और रक्तकोष के कार्य पूरे किए जाने हैं।

### 16 सुपरस्पेशलिटी अस्पतालों में एक

29 अक्टूबर 2024 से शुरू किए गए अस्पताल का निर्माण पीएम स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के फेस 4 में किया गया है। इस योजना के अंतर्गत देश में 16 अस्पताल बनाए गए है, जिसमें छत्तीसगढ़ के जगदलपुर और बिलासपुर में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बन चुके है। खास बात यह है कि 16 में सबसे तेज गति से कोनी स्थित सुपर स्पेशलिटी में काम किया जा रहा है। इसका श्रेय भी अधीक्षक बीपी सिंह को ही जाता है। सूत्रों के अनुसार जगदलपुर स्थित अस्पताल को सरकार ने पीपीपी मोड में दे दिया है, लेकिन आदेश के 6 माह बाद भी अस्पताल में ओपीडी की सुविधा शुरू नहीं की जा सकी है, जबकि कोनी में ओपीडी की सुविधा शुरूआती दिनों से शुरू है, और अब आईपीडी सुविधा भी मिल रही है।

### इन संस्थानों ने जताया भरोसा

बताया जा रहा है कि अबतक 7 करोड़ की राशि सीएसआर मद से स्वीकृत कराए जा चुके हैं। जिसमें एनटीपीसी द्वारा 3.5 करोड़ की लागत से ब्लड बैंक, 2 करोड़ की आटोमेटिक लॉड्री, ट्रांसएशिया कंपनी द्वारा पैथो लैब का निर्माण कराया जाना है। वहीं एचडीएफसी द्वारा अस्पताल संचालन के लिए साफ्टवेयर की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सरकारी उपक्रम पॉवरग्रिड के द्वारा परिजन विश्राम शेड का निर्माण किया जाना है, जिसमें 200 बिस्तर होंगें, इसके लिए 20 करोड़ की राशि खर्च हो सकेगी।

### अस्पताल की सुविधा एक नजर में

अस्पताल में अबतक न्यूरो सर्जरी4174, न्यूरोलॉजी के 2632, कार्डियोलॉजी 1198, यूरोलॉजी2583 , रेस्पिरेटरी मेडिसीन 985 , जनरल मेडिसीन3749 यानी 12 हजार 715 मरीजों का इलाज किया जा चुका है। वहीं 28 मरीजों के किडनी के स्टोन निकाले गए है। खास बात यह है कि यूरोलॉजी विभाग व न्यूरोसर्जरी के आपरेशन क्रमशः सोम-गुरू व मंगल-शुक्रवार को सिम्स में किया जा रहा है। साल में अस्पताल में मौजूद कर्मचारियो को 29 तरह के ट्रैनिंग उपलब्ध कराए गए है, जिसके विश्वस्तर के प्रशिक्षकों की देखरेख में किया गया है। अस्पताल में 2 डी इको, ईसीजी, टीएमटी, एक्सरे, सीटी स्केन, सोनोग्राफी और एमआरआई भी किए जा रहे हैं।

---

**स्टार्टअप उद्यमियों, विभिन्न बैंकों के प्रबंधकों एवं उद्योगपतियों की संयुक्त बैठक**

# नवाचार और नई सोच से होगा आर्थिक विकास, युवाओं को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में जिले के स्टार्टअप उद्यमियों, विभिन्न बैंकों के प्रबंधकों एवं उद्योगपतियों की संयुक्त बैठक ली। इसमें बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा संचालित इनक्यूबेशन सेंटर की गतिविधियों की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने कहा कि यह मंच स्टार्टअप्स उद्यमियों, बैंकर्स और उद्योगपतियों के बीच समन्वय स्थापित करने का उत्कृष्ट अवसर है।

उन्होंने युवाओं को पारंपरिक विचारों से आगे बढ़ते हुए नई सोच और नवाचार के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। स्टार्टअप्स उद्यमियों ने अपने स्टार्टअप्स की जानकारी साझा की। युवाओं द्वारा प्रस्तुत स्टार्टअप आइडियाज की सराहना की और उन्हें जिले के औद्योगिक विकास की नई ऊर्जा बताया। कलेक्टर ने कहा कि जब समस्याएं सामने आएंगी तभी उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जा सकेंगे। उन्होंने राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति पर कहा कि इसमें उद्योगों को अनेक सुविधाएं दी गई हैं। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे उद्योग विभाग के अधिकारी के साथ मिलकर औद्योगिक क्षेत्रों का सर्वे कर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। बिजली विभाग को उद्योगों को निरंतर और सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान मौके पर मौजूद उद्योगपतियों ने भी अपने सुझाव देकर इसमे अमल में लाने का अनुरोध किया।



### पूरे जिले के औद्योगिकरण में सबसे बड़ी बाधा जमीन की : केडिया

इस दौरान लघु एवं सहायक उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश केडिया ने बताया कि पूरे जिले के औद्योगिकरण में सबसे बडी बाधा जमीन की है। वर्ष 1963 में तिफरा औद्योगिक प्रक्षेत्र, 1984 में सिरगिट्टी औद्योगिक प्रक्षेत्र वर्ष 2000 में सिलपहरी औद्योगिक प्रक्षेत्र का निर्माण हुआ। सब जगह उद्योग लग चुके है। कही भी जमीन खाली नहीं है। यदुनंदन नगर तिफरा सेक्टर डी में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया है। किंतु 300 मीटर का एप्रोच रोड नहीं होने से जमीन का एलाटमेंट नहीं हो रहा है। हाईकोर्ट में भी रोड निर्माण कार्य में स्टे लगाया गया है। स्टे हटवाने के लिए आवश्यक पहल की जरूरत है। सीपत रोड में सेलर ग्राम में नया औद्योगिक प्रक्षेत्र विकसित किया गया है। किंतु वहां भी सही पहुंच मार्ग की समस्या है। वर्तमान सडक गांव के बीच से जाती है। बिलासपुर शहर की सीमा के आसपास मिनी इंडस्ट्रीयल स्टेट वने। जिसमें कलपुर्जे बनाने वाले कारखानो, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रीकल, सेमी कंडक्टर जैसे एमएसएमई आ सके। दगोरी में शासकीय भूमि है। ग्रामीण क्षेत्र में उद्योग स्थापना के लिए लघु उद्योगों को भी ग्राम पंचायत से सहमति पत्र लाने को कहा जाता है। जो अत्यंत कष्टदायक है। गैर प्रदूषणकारी एवं कोयला का उपयोग नहीं करने वाले एमएसएमई को इस सहमति पत्र की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। दिन के समय तिफरा औद्योगिक प्रक्षेत्र में ट्रकों को आने जाने से रोका जाता है। जवकि व्यापार विहार जाने वाली सड़कों को दिन के समय भी कुछ घंटों की छूट है। यह छूट तिफरा औद्योगिक प्रक्षेत्र को भी मिले। सेंट्रल वेयर हाउस में आने जाने वाले ट्रक बेतरतीब ढंग से खडे होते है। रोज विवाद की स्थिति पैदा होती है। विलासपुर जिले में विद्युत सप्लाई की क्वालिटी अत्यंत ही घटिया है। इसे दूर करने की आवश्यकता है। स्टार्टअप योजना के प्रचार प्रसार के लिए निरंतर आयोजन होना चाहिए।

### शारदा बजाज ने निकाला उपहार कूपन का ड्रा




**बिजनेस प्लस**

**बिलासपुर।** सुप्रसिद्ध थ्री व्हीलर कंपनी बजाज के अधिकृत विक्रेता शारदा बजाज द्वारा दीपावली पर दिए गए उपहार कूपन का ड्रा त्रिवेणी भवन परिसर में मंगलवार को निकाला गया।

इस उपहार कूपन में करीब 300 से ज़्यादा ग्राहकों ने हिस्सा लिया था। जिसमे करीब 100 से ज़्यादा ग्राहकों को उपहार वितरित किया गया। इस अवसर पर शो रूम के संचालक श्री जायसवाल ने सभी विजेताओं को बधाई दी और उपहारों का वितरण किया। प्रथम पुरस्कार धर्मेंद्र कुमार एवं शेख नवाब को 185 लीटर का फ्रिज प्राप्त हुआ। द्वितीय पुरस्कार आदित्य गेन्दले, राजेश कुमार एवं राहुल लूनिया को 32 इंच का एलईडी प्रदान किया गया। 100 से अधिक विजेताओं को तीसरा एवं सांत्वना पुरस्कार के रूप में मिक्सर, कुकर, स्टीम आयरन प्रदान किया गया। शारदा बजाज, बजाज थ्री व्हीलर की बिलासपुर में अधिकृत डीलर है। इनकी ब्रांच मुंगेली तथा पेंड्रा में भी है। इन जगहों पर बजाज के गोगो ब्रांड की सभी गाड़िया उपलब्ध है। साथ ही डीजल -सीएनजी पैसेंजर एवं कार्गो की भी पूरी रेंज उपलब्ध है। एकादशी के दिन गोगो ब्रांड की नई मॉडल पी 40 बजाज रिकी को भी लांच किया जा रहा है। बजाज द्वारा नई पेशकश ई-रिक्शा लांच किया जा रहा है जिसमे एक बार चार्ज करने पर 150 किमी चलेगा। तथा 3 साल व 60 हजार किमी की वारंटी मिलेगी।

### नाइस टेक में एनआईईएलआईटी सर्टिफिकेट वितरण



**एजुकेशन प्लस**

बिलासपुर। ईदगाह चौक स्थित नाइस टेक कम्प्यूटर एजुकेशन में 27 अक्टूबर को एनआईईएलआईटी प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के डॉ. मुन्सीराम नेहू एवं प्रोफेसर संजीव पटेल थे। जिन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण से युवाओं के रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नाइस टेक के चेयरमैन रविंद्र प्रताप सिंह ने की। उन्होंने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि नाइस्टेक जैसे संस्थान युवाओं के लिए एक मजबूत मंच प्रदान कर रहा है। जहां वे तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर सफल छात्रों को एनआईईएलआईटी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन नाइस्टेक टीम द्वारा किया गया तथा अंत में संस्थान के संचालक मंडल ने सभी अतिथियों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

---

# भारतमाला परियोजना मामले में आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने आज भारतमाला परियोजना घोटाले के आरोपी राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की अग्रिम जमानत याचिकाएं खारिज कर दी है। ये सभी अधिकारी ईओडब्ल्यू, एसीबी द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के प्रकरण में आरोपी हैं।



इस मामले में हाईकोर्ट से जिन आरोपियों की याचिकाएं खारिज हुई हैं उनमें तत्कालीन एसडीएम निर्भय कुमार साहू, लेखराम देवांगन, लखेश्वर प्रसाद किरन, शशिकांत कुर्रे, डीएस उईके, रौशन लाल वर्मा और दीपक देव शामिल हैं। साहू के अलावा बाकी सभी आरोपी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारी हैं। ईओडब्ल्यू और एसीबी ने इन अधिकारियों के खिलाफ भारतमाला परियोजना के भूमि अधिग्रहण में गड़बड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया था। जांच में पया गया कि अधिकारियों ने भूमाफियाओं को मिलीभगत से कई गुना ज्यादा मुआवजा राशि दिलवाई, जिससे सरकार को करीब 600 करोड़ रुपए की हानि हुई। इस मामले के उजागर होने के बाद सभी आरोपियों को निलंबित कर दिया गया था। आज हुई सुनवाई के दौरान आरोपियों की ओर से अग्रिम जमानत के लिए दायर याचिकाओं पर बहस हुई। कोर्ट ने कहा मामला गंभीर आर्थिक अनियमितताओं और भ्रष्टाचार से जुड़ा है जिसकी जांच अभी जारी है। ऐसे में आरोपियों को अग्रिम जमानत देने से जांच प्रभावित हो सकती है, यह कहते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने सभी याचिकाएं निरस्त कर दी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ईओब्ल्यू, एसीबी ने इस प्रकरण में 8 हजार से अधिक पन्नों का चालान जिला विशेष न्यायालय में पेश किया था। जांच एजेंसी की ओर से डिप्टी एडवोकेट जनरल डॉ. सौरभ कुमार पांडेय ने कोर्ट में पक्ष रखा। कोर्ट ने कहा कि घोटाले की जांच पूरी होने तक आरोपियों को किसी प्रकार की राहत नहीं दी जा सकती।

### हाईकोर्ट ने दैवेभो व संविदा कर्मचारियों के लिए ईपीएफ सर्कुलर 45 दिनों भीतर लागू करने दिए निर्देश

हाईकोर्ट में छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी संघ ने याचिका दायर कर सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने की मांग की थी। इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा के सिंगल बेंच ने जल संसाधन विभाग को महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा है कि विभाग अपने दैनिक वेतनभोगी और संविदा कर्मचारियों को कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम ईपीएफ एक्ट के तहत सामाजिक सुरक्षा लाभ देने के लिए दो पुराने सरकारी सर्कुलरों को 45 दिनों के भीतर लागू करें। याचिकाकर्ता छग दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी संघ की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार ने 22 नवंबर 2016 और जुलाई 2017 को दो अलग-अलग सर्कुलर जारी किया था। उस सर्कुलर में सभी विभागों को निर्देशित किया गया था कि विभाग के अधीन कार्यरत दैनिक वेतनभोगी और अस्थाई कर्मचारियों को ईपीएफ अधिनियम 1952 के दायरे में लाया जाए ताकि उन्हें भविष्य निधि, बीमा और पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सकें। याचिकाकर्ता संघ ने आरोप लगाया कि जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने राज्य शासन के दोनों सर्कुलर को अब तक लागू नहीं किया है। लोक निर्माण विभाग पीडब्लूडी ने इन्हें पहले ही प्रभावी रूप से लागू कर दिया है। इस कारण जल संसाधन विभाग के सैकड़ों दैवेभो कर्मियों को अभी तक ईपीएफ कवरेज और लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। सुनवाई दौरान राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए शासकीय अधिवक्ता ने कहा कि जल संसाधन विभाग सुर्कलरों को लागू करने की दिशा में काम कर रहा है और शीघ्र दोनों सर्कुलर को प्रभावशील कर दिया जाएगा। राज्य सरकार के जवाब के बाद हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि महज आश्वासन पर्याप्त नहीं है। कोर्ट ने आदेश दिया कि आदेश की प्रति प्राप्त होने के 45 दिनों के भीतर जल संसाधन विभाग दोनों सर्कुलरों को पूरी तरह लागू करें और सभी योग्य कर्मचारियों का पंजीकरण ईपीएफओ पोर्टल के माध्यम से पूरा करें। कोर्ट ने कर्मचारियों को उनकी पात्रता की तारीख से लाभ देने के निर्देश भी दिए गए। सिंगल बेंच ने अपने आदेश में लिखा है कि कर्मचारी भविष्य निधि और विविध उपबंध अधिनियम 1952 देश में श्रमिकों की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने वाला एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी कानून है। इस अधिनियम तहत कर्मचारियों को भविष्य निधि, बीमा और पेंशन लाभ प्रदान किए जाते हैं जिससे वे वृद्धावस्था, दुर्बलता या आकस्मिक मृत्यु जैसी परिस्थितियों में आर्थिक रूप से सुरक्षित रह सकें।

■ **जल संसाधन विभाग के अस्थाई, संविदा कर्मचारियों का मामला**

### हाईकोर्ट ने ग्रामसभा या एसडीएम के समक्ष आवेदन देने कहा

गांव के बाहर पादरी और पास्टर के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाए गए होर्डिंग्स पर ईसाई संगठनों ने आपत्ति की थी।

इस पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई, जिसे कोर्ट ने यह कहते हुए निराकृत कर दिया कि याचिकाकर्ता चाहें तो पहले ग्रामसभा या एसडीएम के समक्ष आवेदन दें। शासन के इस तर्क पर हाईकोर्ट ने मुहर लगा दी है कि बिना निचले स्तर पर शिकायत किए हाईकोर्ट में आना नियम विरूद्ध है। कांकेर जिले के भानुप्रताप ब्लॉक के ग्राम घोटिया सहित कुछ और गांवों में स्थानीय निवासियों ने होर्डिंग्स लगाकर ईसाई समाज के प्रचारकों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। गांव के निवासियों ने किसी भी पादरी या पास्टर के आने पर चेतावनी दी है। ईसाई समाज से जुड़े संगठनों ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि गांव में पादरी और पास्टर के प्रवेश पर रोक लगाया जाना अनुचित है। बोर्ड में साफ लिखा है कि गांव में ईसाई धर्म के पादरी, पास्टर एवं धर्मांतरण के लिए आने वाले धर्मांतरित व्यक्ति का प्रवेश वर्जित है। ऐसे किसी भी धार्मिक आयोजन पर रोक लगाई जाती है।

याचिकाकर्ताओं का कहना था कि इस तरह का फरमान असंवैधानिक और अधिकारों का उल्लंघन है। इसमें धार्मिक स्वतंत्रता पर चोट पहुंच रही है। याचिका में मांग की गई थी कि होर्डिंग्स को तत्काल हटाया जाए और ग्राम पंचायत पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएं।

■ **पादरी, पास्टर के गांव में प्रवेश प्रतिबंधित मामला**

### प्राचार्य पदोन्नति : एलबी संवर्ग के विरूद्ध याचिका सुको से खारिज

प्राचार्य पदोन्नति मामले में व्याख्याता संवर्ग के 65 प्रतिशत में से एलबी संवर्ग के लिए 30 प्रतिशत कोटे के प्रावधान को चुनौती दी गई थी। आज सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस नरसिम्हा के कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें एलबी संवर्ग की ओर से रामगोपाल साहू के अधिवक्ता आशुतोष गढ़े के साथ सीनियर लॉयर गौरव अग्रवाल ने तथ्यों के साथ पक्ष रखा। याचिकाकर्ता राजेश शर्मा के पक्ष को पूर्णतः निराधार व गलत, द्वेषवश और असंवैधानिक नियमों के विपरीत बताते हुए अधिवक्ता ने अपनी बातें रखी, जिसको जस्टिस नरसिम्हा ने सुना। शासन पक्ष की ओर से श्री नटराजन भी शामिल हुए लेकिन वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल ने बहस को अंतिम मुकाम तक पहुंचाया, जिसके कारण सुप्रीम कोर्ट में राजेश शर्मा द्वारा लगाई गई प्राचार्य पदोन्नति के कोटे में कोटा याचिका खारिज कर दिया गया। शिक्षक संगठन के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि अब प्राचार्य पदोन्नति में सुप्रीम कोर्ट से बाधा खत्म हो चुकी है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच में शासन व पदोन्नति के पक्ष में फैसला दिया गया है। केवल अब सिंगल बेंच के सुरक्षित फैसले का अवरोध है जो शीघ्र दूर होगा। अब निर्णय भी शीघ्र घोषित होगा व पोस्टिंग में किसी प्रकार से बाधा किसी स्तर पर नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### शिवमहापुराण कथा में शिव पार्वती विवाह का वर्णन



**तखतपुर।** देवांगन मोहल्ले में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा में पार्वती जन्म, तारकासुर वध एवं शिव-पार्वती विवाह की कथा का वर्णन किया गया। कथा वाचक पंडित चंद्रशेखर ने माता पार्वती के जन्म, उनकी तपस्या, भगवान शिव के साथ विवाह तथा तारकासुर वध की कथा का व्याख्यान किया। उन्होंने बताया कि, सती के देह त्याग के पश्चात जब भगवान शिव ने तपस्या आरंभ की तो उसी समय देवी ने हिमालय एवं मेना के घर पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लिया। ब्रह्मा के वरदान से अहंकारी तारकासुर केवल शिवपुत्र के हाथों ही मारा जा सकता था। पार्वती ने शिव को पाने के लिए कठोर तप किया और अंततः उनका दिव्य विवाह संपन्न हुआ। इसी विवाह से जन्मे कार्तिकेय ने देवताओं की ओर से युद्ध कर तारकासुर का वध किया, जिससे फिर से धर्म की स्थापना हुई। यह केवल धार्मिक कथा नहीं, बल्कि भक्ति, संयम और नारी-शक्ति के आदर्श का प्रतीक है। कथा के मुख्य यजमान राधा देवी, रामकुमार देवांगन हैं।

### सनाड्य कुर्मी महिला प्रकोष्ठ का दिवाली मिलन समारोह



**बोदरी।** सनाड्य कुर्मी क्षत्रिय समाज के महिला प्रकोष्ठ ने हर्षोल्लास के साथ सामाजिक भवन चकरभाठा में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में दूर-दूर से आई बहनों ने रंगोली, मेहंदी, नींबू-चम्मच दौड़, पूजा थाली, फुगड़ी एवं कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गीतांजलि कौशिक एवं रुखमणी कौशिक ने किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष परमेश्वर कौशिक, विजय कौशिक, कृष्ण कुमार कौशिक, बलदाऊ कौशिक, रुपेन्द्र वर्मा, ममता कौशिक, सरिता वर्मा, निशा कौशिक, रंजना कौशिक, राधिका कौशिक,ज्योति कौशिक सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं। आभार व्यक्त गीतांजलि कौशिक ने किया एवं मंच का संचालन दीपिका कौशिक ने किया।

### जनदर्शन में प्राप्त हुए 100 से अधिक आवेदन



**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट में कलेक्टर जनदर्शन में 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनी और नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिले के विभिन्न ग्रामों एवं नगरीय निकायों से पहुंचे आमजनों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण की मांग की। जनदर्शन में ग्राम खेढ़ा के अजय तिवारी ने बिजली बिल में सुधार कराने, ग्राम झझपुरीकला के मिल्लूराम साहू ने पानी निकासी की व्यवस्था कराने, ग्राम लोहड़िया के छोटेलाल बघेल ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय योजना का लाभ दिलाने, ग्राम अखरार के हीरालाल कुम्भकार ने इलेक्ट्रॉनिक चाक दिलाने, नगर पंचायत बरेला की वर्षा धीवर ने जिला बाल संरक्षण योजना का लाभ दिलाने, ग्राम किशनपुर के चन्दूलाल ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाने, ग्राम बमुरहाडीह के किसान संतराम ने राजस्व अभिलेख में अपने नाम में त्रुटि सुधार कराने, ग्राम खाम्हीकुर्मी के ग्रामीणों ने ग्राम में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, ग्राम दरवाजा के गौतम जायसवाल ने प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजनांतर्गत ऋण दिलाने, ग्राम भथरी के ग्रामीणों ने बिलासपुर-तखतपुर-मुंगेली सड़क मार्ग में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा राशि दिलाने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण की मांग की। जिला पंचायत सीईओ ने प्राप्त आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, डिप्टी कलेक्टर सारिका मित्तल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## निधन

### अजीज उल हक



**बिलासपुर।** तोरवा गुंबर पेट्रोल पंप के मातेश्री कॉलोनी निवासी अजीज उल हक का 28 अक्टूबर को निधन हो गया। उन्हें कासिमपारा कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। वे नसीम खान, सलीम खान, शमीम खान के पिता थे।

88.65 करोड़ की फोरलेन सड़क सहित अन्य कार्य शामिल

# साव करेंगे विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

नगर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए 88 करोड़ 65 लाख की लागत से फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। लोरमी के शासकीय महाविद्यालय से गोड़खाम्ही तक बनने वाली इस सड़क का भूमिपूजन 29 अक्टूबर को उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे।

पीडब्लूडी से मिली जानकारी के अनुसार, फोरलेन सड़क की कुल चौड़ाई 21 मीटर होगी एवं दोनों ओर साढ़े 10 मीटर की सड़क नाली व पेवर ब्लॉक सहित बनाया जाएगा। साथ ही सड़क के बीचों-बीच एक मीटर का डिवाइडर रहेगा, तथा डिवाइडर के दोनों और 7-7 मीटर का डामरीकरण किया जाएगा। डेढ़ मीटर पेवर ब्लॉक और 1.3 मीटर की चौड़ाई की नाली बनेगी। डिवाइडर में पौधरोपण होगा तथा डिवाइडर में पूरे लोरमी शहर में स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। पूरे शहर के बिजली खंभे और जलप्रदाय के तहत लगाए गए पाइप लाइन का जीर्णोद्धार होगा। लोक निर्माण विभाग की ओर से आने वाले 20 से 25 वर्षों की कार्य योजना को लेकर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सड़क के बन जाने से लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिलेगी। विभाग का कहना है कि जन सुविधा के अनुसार ही सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा।

### नगर में 123 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

लोरमी नगर के मानस मंच में 29 अक्टूबर को समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें उपमुख्यमंत्री अरुण साव 123 करोड़ रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। श्री साव 1 करोड़ 71 लाख की लागत से निर्मित मानस मंच के सौंदर्यीकरण कार्य एवं 45 लाख 47 हजार की लागत से लगे सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण करेंगे। इसी तरह 88 करोड़ 65 लाख की लागत से बनने वाले लोरमी-पंडरिया मार्ग पर शासकीय कॉलेज से गोड़खाम्ही तक फोरलेन सड़क का भूमिपूजन एवं 24 करोड़ 14 लाख की लागत से बनने वाले मुंगेली-लोरमी मार्ग ग्राम तुलसाघाट से लपटी रपटा तक निर्माण लागत 2 करोड़ 62 लाख, तिलकपुर से झलरी पहुंच मार्ग निर्माण एक करोड़ 99 लाख, ग्राम अखरार में श्मशान घाट पहुंच मार्ग निर्माण एक करोड़ 37 लाख, ग्राम नवरंगपुर डिंडोरी डी 3 नहर में आवास मोहल्ला तक ब्रिज निर्माण लागत एक करोड़ 14 लाख, मुख्य मार्ग से पूर्व माध्यमिक स्कूल कारीडोंगरी तक सीसी रोड निर्माण 70 लाख आदि निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

### मनियारी नदी में बनेगा उच्च स्तरीय पुल

लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण के लिए बनाए गए इस इस्टीमेट के अनुसार लोरमी से गोड़खाम्ही तक सड़क में पड़ने वाले सभी पुल-पुलियों को तोड़कर नया बनाया जाएगा। इसके अलावा नगर के मध्य से गुजरने वाली मनियारी नदी पर एक उच्चस्तरीय पुल का निर्माण किया जाएगा। यह पुल पुराने पुल के साथ ही पानी के बहाव दिशा में आगे बढ़ेगी। पुल एवं सर्व सुविधायुक्त सड़क बन जाने से लोगों को आवागमन में भारी सुविधा होगी। इसके अलावा ग्राम सारधा में मुख्य मार्ग में बरसात में सड़क में होने वाले जलभराव की समस्या से भी निजात मिलेगी।

## मानस मंच के सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा, लोकार्पण आज



लोरमी नगर के हृदय स्थल स्थित मानस मंच के सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसका लोकार्पण डिप्टी सीएम अरुण साव बुधवार 29 अक्टूबर शाम 4 बजे करेंगे। 1 करोड़ 75 लाख की लागत से हुए सौंदर्यीकरण के कार्य में अद्भुत चित्रकारी देखने को मिल रही है। राजस्थान के पत्थर को तराश कर चित्र को अनोखे ढंग से सजाया गया है जो सबको लुभा रहा है। गौरतलब है कि, एक वर्ष पहले उप मुख्यमंत्री व विधायक अरुण साव ने सनातन प्रेमियों की भावनाओ के अनुरूप मानस मंच के सौंदर्यीकरण के लिए 1 करोड़ 75 लाख रुपए की स्वीकृति दी थी। नगर पालिका परिषद में सरकारी प्रक्रिया पूरी कर काम शुरू कराया और कार्य आदेश के बाद तय समय में ही निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। नगर पालिका के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों की सक्रियता से निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूरा हुआ, स्वीकृत राशि से मानस मंच के सौंदर्यीकरण के तहत भव्य प्रवेश द्वार बाउंड्रीवाल निर्माण मानस मंच के रूफ और रुफ के साथ-साथ रूफ में आकर्षक लाइट लगाई गई है। मानस मंच के सौंदर्यीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर किया गया है, और इसे पूरा करने के लिए दिन और रात काम किया गया है। मानस मंच के अंदर की बात करें तो सनातन प्रेमियों के आराध्य देव भगवान श्रीराम की कथा के विभिन्न प्रसंग पर आने वाले चित्रों को दीवारों पर उकेरा गया है। खैरागढ़ के चित्रकारों ने अद्भुत चित्रकारी का नमूना दिखाया है। मानस मंच जितना अंदर से आकर्षक और भक्तिमय दिखाई दे रहा है, उतना ही बाहर भी सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। पुराना बस स्टैंड से अंदर जनपद कार्यालय मुड़ने पर सौंदर्यीकरण का नजारा देखने को मिलता है। मानस मंच के बाहर बाउंड्री वॉल का निर्माण कर चित्रकारी की गई है। चित्र बनाने के बाद उसे सजाने के लिए राजस्थान के पत्थर का उपयोग किया गया है।

- 2 नवंबर से चिन्मयानंद बापू की कथा का होगा शुभारंभ

### डिप्टी सीएम ने सनातन प्रेमियों को दिया न्यौता

मानस मंच के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सभी सनातनी प्रेमियों को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि, यह मानस मंच लोरमी की आन-बान-शान और गौरव को बढ़ाने वाला है। यह मानस मंच अयोध्या की तरह भव्य और दिव्य दिखाई दे रहा है। इसके लोकार्पण के ऐतिहासिक अवसर पर आप सभी मानस मंडली राम भक्त जन और सनातन प्रेमी साक्षी बने।

### चिन्मयानंद बापू की कथा का आयोजन

नगर के मानस मंच में 2 नवंबर से श्रीराम कथा आयोजित की जा रही है, जिसमें विश्व विख्यात संत चिन्मयानंद बापू श्रीराम कथा का वाचन करेंगे। इस दौरान 10 नवंबर तक भगवान श्रीराम के जीवन गाथा पर आधारित विभिन्न कथाओं का रसपान कराया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर लोगों में भारी उत्साह है ।

## प्रवासी पक्षियों के संरक्षण केंद्र के रूप में विकसित होगी गिधवा-परसदा आर्द्रभूमि



- केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र से मिले
- 220 करोड़ की वित्तीय योजना शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गिधवा–परसदा आर्द्रभूमि को प्रवासी पक्षियों के संरक्षण एवं इको-पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात की। इस दौरान श्री तोखन ने गिधवा–परसदा आर्द्रभूमि क्षेत्र को प्रवासी पक्षियों के संरक्षण एवं इको-पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने परियोजना प्रस्ताव मंत्री भूपेन्द्र यादव को सौंपा।

उन्होंने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य मध्य एशियाई प्रवासी पक्षी मार्ग पर स्थित इस आर्द्रभूमि को एक संरक्षित, वैज्ञानिक रूप से प्रबंधित एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्त्वपूर्ण स्थल के रूप में विकसित करना है। यह क्षेत्र प्रवासी जलपक्षियों के लिए एक प्रमुख विश्राम एवं प्रजनन स्थल है, जहां अब तक 143 से अधिक पक्षी प्रजातियाँ दर्ज की जा चुकी हैं। लगभग 200 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला यह स्थल रायपुर से 15 किलोमीटर तथा नंदघाट से 9 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से यहाँ पक्षी संरक्षण एवं जल संरक्षण की दिशा में सराहनीय प्रयास प्रारंभ हो चुके हैं।

### प्रवासी पक्षियों के लिए नौ प्रमुख मार्गों की पहचान

श्री तोखन ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि विश्व स्तर पर प्रवासी पक्षियों के लिए नौ प्रमुख मार्गों की पहचान की गई है। जिनमें से तीन पूर्व एशियाई-ऑस्ट्रेलियाई, पूर्व अफ्रीकी-पश्चिम एशियाई और मध्य एशियाई मार्ग भारत से होकर गुजरते हैं। इनमें मध्य एशियाई प्रवासी मार्ग भारत में प्रवासी पक्षियों की लगभग 90 प्रतिशत प्रजातियों को सुरक्षित ठिकाना प्रदान करता है। गिधवा–परसदा क्षेत्र इसी मार्ग पर स्थित एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थल है, जो छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी बना सकता है।

### प्रस्तावित परियोजना में लगभग 220 करोड़ की वित्तीय योजना शामिल

श्री तोखन ने बताया कि प्रस्तावित परियोजना में लगभग 220 करोड़ की वित्तीय योजना शामिल है, जिसमें संरक्षण अवसंरचना, जल प्रबंधन, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, इको-पर्यटन सुविधाएँ, स्थानीय उद्यमिता विकास तथा 'सीएएफ सचिवालय' की स्थापना जैसे घटक शामिल हैं। यह परियोजना न केवल प्रवासी पक्षियों के संरक्षण में सहायक होगी, बल्कि जलवायु अनुकूलन, ग्रामीण आजीविका, पर्यावरण शिक्षा और सतत विकास को भी प्रोत्साहित करेगी। श्री तोखन ने कहा कि गिधवा–परसदा आर्द्रभूमि छत्तीसगढ़ के लिए केवल एक प्राकृतिक धरोहर नहीं, बल्कि पर्यावरणीय समृद्धि, जैव विविधता संरक्षण और ग्रामीण विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन सकती है। उन्होंने पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव से इस परियोजना प्रस्ताव पर आवश्यक कार्यवाही करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान करने अनुरोध किया है।

## ग्राम गौरव सम्मान से प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित



**सकरी।** विज्ञान के युग में टेक्नोलॉजी का उपयोग संरचनात्मक दिशा में होना चाहिए एवं युवाओं को इसके लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। गौरव सम्मान से नवाजे गए युवा आने वाले समय के स्वर्णिम भविष्य हैं, जो हमारे ग्राम और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। यह बातें ग्राम हांफा में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा विभाग के विखं समन्वयक सूर्यकांत उपाध्याय ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मानस मर्मज्ञ मनीराम यादव ने कहा कि, शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं अन्य गतिविधियों में उल्लेखनीय कार्य करने वाला व्यक्ति समाज एवं क्षेत्र में लब्ध प्रतिष्ठित होता है। वह अपनी उपलब्धियों से अपना व अपने परिवार एवं गांव का नाम रोशन करता है। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि पूर्व जपं उपाध्यक्ष दिव्या नितेश मिश्रा एवं व्याख्याता महेंद्र दुबे ने कहा कि, आने वाली पीढ़ी में जो दक्षता क्षमता दिखाई दे रही है, वह हमारे पूर्वजों की देन है।

### उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान

इस दौरान कक्षा 12वीं में ग्राम स्तर पर प्रथम स्थान अर्जित करने वाली छात्रा सौम्या तिवारी, कक्षा 10वीं से सुजल उपाध्याय को नकद एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कक्षा 5वी से अर्पण कुमार, 8वीं से प्रज्ञा यादव को उत्कृष्ट अंक अर्जित करने पर मोमेंटो एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ग्राम स्तर पर स्नातक एवं स्नानकोत्तर में उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी अपर्णा कैवर्त, तुषार अवस्थी को मोमेंटो एवं नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। खिलाड़ियों का सम्मान- ग्राम स्तर पर खेल स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को पूर्व सैनिक सुदर्शन यादव ने अपने दादा झुमुकलाल यादव की स्मृति में खेल रत्न पुरुस्कार से सम्मानित किया। जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विजेता रूद्र पाण्डेय, खो-खो उपविजेता प्रज्ञा यादव एवं विभाग स्तरीय गोला फेंक के लिए कान्हा यादव को खेल रत्न सम्मान दिया गया।

## सर्व हिंदू समाज की रैली में दिखी सनातन की एकता




**मुंगेली।** सनातन धर्म से संबंधित विभिन्न मुद्दों को लेकर सर्व हिंदू समाज ने रैली का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर गौवंश संरक्षण और धर्मांतरण रोकथाम के मुद्दों पर अपनी एकजुटता प्रदर्शित की।

- गौहत्या व धर्मांतरण के मुद्दे पर सौंपा गया ज्ञापन

रैली की अगुवाई गौवंश सेवक आदेश सोनी बिलासपुर और ठाकुर राम सिंह ने की। रैली कृषि उपज मंडी से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई रेस्ट हाउस पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को अपनी मांगों से जुड़ा विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गौवंश हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और धर्मांतरण के मामलों में कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। गौवंश सेवक आदेश सोनी ने कहा कि, हम 2026 तक गौवंश को 'राज्य माता' का दर्जा दिलाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। यदि सरकार हमारी मांगों को गंभीरता से नहीं लेती, तो हम राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ने को मजबूर होंगे। वहीं ठाकुर राम सिंह ने धर्मांतरण के बढ़ते मामलों पर सरकार की निष्क्रियता को लेकर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि,सरकार को अवैध धर्मांतरण रोकने के लिए कठोर कानून बनाना होगा, ताकि हिंदू समाज की धार्मिक स्वतंत्रता सुरक्षित रह सके। रैली शांतिपूर्ण रही और प्रशासन की मौजूदगी में पूरी अनुशासन के साथ संपन्न हुई। ज्ञापन लेने के बाद अधिकारियों ने मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में गौसेवक एवं आम नागरिक सहित महिलाएं मौजूद रहीं।

### एसपी ने मौके का निरीक्षण कर लिया राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा



**मुंगेली।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय स्थित वीर शहीद धनंजय सिंह स्टेडियम में 2 से 4 नवम्बर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विकास विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक भोजराम और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने मंगलवार को कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारियों का अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए।

### छात्र का रास्ता रोक कर बदमाशों ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** छात्र का साथ रास्ता रोक कर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए बदमाशों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार के ग्राम राजपुर निवासी सीतेश लहरे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, कि 27 अक्टूबर की शाम वह अपने दोस्त हिमांशु लहरे, कुलदीप लहरे और आर्यन लहरे के साथ सायकल से ग्राम पेंड्री गया हुआ था। वह पेंड्री बाजार चौक पर अपनी साइकिल खड़ी कर रुका तभी मोनू यादव अपने कुछ साथियों के साथ वहां आया और गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर उसने जान से मारने की धमकी देते हुए सीतेश लहरे की जमकर पिटाई कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 115, 2 , 296, 3,5 , 351, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है

### जिले में अलग-अलग स्थानों पर कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई



**मुंगेली।** तंबाकू मुक्त मुंगेली की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए कोटपा एक्ट के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा के मार्गदर्शन में प्रवर्तन दल ने ग्राम करही में कोटपा एक्ट के धारा 4 एवं 6 के तहत 25 दुकानों मे कार्रवाई की। इस दौरान 11 दुकानों में चेतावनी देकर छोड़ा गया तथा शेष 14 दुकानों में 1 हजार 200 रूपए की चालानी कार्रवाई की गई। इसी क्रम मे गंगद्वारी में स्कूल के समीप स्थित तंबाकू विक्रय संस्थानो में 1 हजार 450 रूपए का 18 चालान तथा चातरखार व फंदवानी में 1 हजार 400 रूपए के 19 चालान काटे गए। उक्त कार्रवाई में औषधि निरीक्षक किरण सिंह, प्रशिक्षक तंबाकू कार्यक्रम ओम साहू और थाना सिटी कोतवाली के आरक्षक दीप सिंह खुटें शामिल रहे।

## उगते सूर्य को अर्ध्य देकर छठ पर्व का समापन



**मुंगेली।** सूर्य उपासना का महापर्व छठ का समापन मंगलवार की सुबह की बेला में उगते सूर्य को अर्ध्य अर्पित कर किया गया। व्रतियों ने सूर्य देव और छठी मैया से परिवार की सुख-समृद्धि एवं आरोग्य की कामना की। नगर के आगर नदी पर सुबह श्रद्धालुओं की भीड़ रही। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ जल में खड़ी होकर सूर्य देव को अर्ध्य अर्पित करती दिखीं। सूर्य की पहली किरण के साथ ही वातावरण 'छठ मईया की जय' व 'जय सूर्य देव' के जयघोष से गूंज उठा। छठ समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष घाटों पर विशेष साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम प्रशासन द्वारा किए गए थे। इसके लिए समिति ने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और नगर पालिका के प्रति आभार व्यक्त किया। आगर नदी पर उपस्थित लोगों ने बताया कि, अब हर साल आगर नदी का छठ पर्व देखने लायक बन गया है। स्वच्छ घाट, सुंदर सजावट और भक्तिमय वातावरण ने इस बार का आयोजन यादगार बना दिया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक संगठनों के सदस्य सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### श्रद्धा और उल्लास के साथ मना छठ महापर्व



**करगीरोड कोटा।** क्षेत्र में लोक आस्था का त्योहार छठ महापर्व श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ फिरंगी पारा के बंधिया तालाब एवं कोटसागर तालाब में उगते सूरज को अर्ध्य देकर मनाया गया। छठ व्रतियों ने परिवारजनों सहित पारंपरिक रीति से सूर्यदेव को अर्ध्य देकर लोक आस्था के इस महापर्व की पूजा-अर्चना संपन्न की। कार्यक्रम में बृजराज जायसवाल, सीमा जायसवाल, बालमुकुंद यादव एवं सीता देवी यादव सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक /Q/ तह./वाचक/ 2025
बिलासपुर दिनांक 15/10/2025

पक्षकार–श्रीमती मुक्ता साहू **विरूद्ध** छ.ग. शासन ग्राम/मौजा– कुदुदण्ड, प.ह.न. 34
ई.रा.प्र.क. 202510072500009/अ-6/2025-26

ग्राम–कुदुदण्ड, प.ह.न.–34 के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मुक्ता साहू पिता महावीर प्रसाद साहू पति गोवर्धन साहू निवासी कुदुदण्ड बिलासपुर (छ.ग.) मौजा कुदुदण्ड प.ह.न. 34 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित खसरा नं. 14/1 रकबा 0.0590 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदिका कि पिता महावीर प्रसाद पिता लोकनाथ साहू के नाम पर दर्ज है। खातेदार महावीर प्रसाद साहू पिता लोकनाथ साहू ने अपने जीवन काल में खसरा नं. 14/1 रकबा 0.0590 हे. भूमि को आवेदक को वसीयतनामा कर दिया था। वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 29/11/2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगे। आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. ब-121/2024-25
/ ग्राम पंचायत कंसरा

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम कंसरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक अलिखान पिता खानमोहम्मद जाति मोमिन निवासी ग्राम कंसरा तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र/पुत्री अर्शीना खान जन्म/मृत्यु दिनांक 10.03.2004 को ग्राम कंसरा में हुआ है, जिसका आवेदक द्वारा अज्ञानतावश जन्म/मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक द्वारा उक्त प्रमाण पत्र हेतु आवेदन, शपथ पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र तथा निर्धारित राशि खजाना सहित कर चालान की मूल प्रति एवं ईश्तहार शुल्क के साथ पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति को / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 06/11/2025 सुबह 10:30 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 17/10/2024 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क/क/ रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 17/10/2025

प्रति- (1) स्वाती जेकब (2) बसंत अग्रवाल / निशांत खंडेलवाल (3) हर्ष बनाफर (4) प्रकाश गुप्ता (5) दिशा मेहरचंदानी (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज / आवेदक के बताए अनुसार)।
विषय:- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत ।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क/क/ तह/वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक

आवेदक स्वाती जेकब-निवासी तालापारा के द्वारा ग्राम तालापारा प.ह.नं.39/रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित खसरा नं. 158/1/ट/5 रकबा 0.0200 हे.के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 04/11/25 को समय 12.5 PM बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

टीप:-1-आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2-विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक, जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मैं सरस्वती बाई वस्त्रकार 53 वर्ष पति श्री नरेन्द्र वस्त्रकार निवासी हाउस नं. 214/क, वार्ड नं. 18, डबरी पारा भरारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) आधार नंबर 2651 8917 3801, की निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ:-1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित नाम एवं पते का निवासी हूं। 2. यह कि मेरे आधार नंबर 2651 8917 3801, एवं छ.ग. ग्रामीण बैंक शाखा सकरी बिलासपुर के खाता नंबर 5421044681, में भी मेरा नाम सरस्वती बाई वस्त्रकार दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है। 3. यह कि मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा बिलासपुर (छ.ग.) में एक पॉलिसी जारी है। जिसका पॉलिसी क्रमांक 358244407 एवं जारी दिनांक 28/07/2010 है। 4. यह कि उक्त पॉलिसी में त्रुटिवश मेरा नाम सती बाई वस्त्रकार दर्ज हो गया है जो कि गलत है। 5. यह कि मैं वर्तमान में सरस्वती बाई वस्त्रकार के नाम से जानी एवं पहचानी जाती हूं। 6. यह कि उपरोक्त कथन के समर्थन में दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन करने हेतु प्रस्तुत कर रही हूं।

**शपथकर्ता**
**सरस्वती बाई वस्त्रकार**

सत्यापन

मैं सरस्वती बाई वस्त्रकार शपथकर्ता सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 06 तक में लिखी समस्त बातें मेरे स्वतः की जानकारी में सत्य एवं सही है जिसे मैंने आज दिनांक 28/10/2025 को मुकाम बिलासपुर में पढ़कर, सुनकर व समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**
**सरस्वती बाई वस्त्रकार**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलासपुर, (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25
ग्राम पंचायत-मोहतराई,
तहसील व जिला बिलासपुर

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स फॉर्च्यून रियल्टी फर्म द्वारा कमल किशोर छाबड़ा वगैरह निवासी-तारबहार डीपूपारा बिलासपुर, छ.ग. ने ग्राम मोहतराई, प.ह.नं. 21 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 593/2, 594, 649, 650/1, 651, 652, 653, 654, 656/1, 656/2, 658/2, 660, 661/1, 661/2, 663, 681/2, 681/3, 683/2, 683/3, 684, 686/1 रकबा 0.0610, 0.4620, 0.1170, 0.0730, 0.1210, 0.1420, 0.1250, 0.1290, 0.0970, 0.0240, 0.1740, 0.5750, 0.0680, 0.1510, 0.0400, 0.2630, 0.3770, 0.1210, 0.2310, 0.1210, 0.0860 हे. कुल रकबा 3.5580 हे. भूमि पर कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपना आपत्ति/दावा दिनांक 04.11.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक के पश्चात आने वाले आपत्तियों / दावों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बिलासपुर, छ.ग.**



छत्तीसगढ़ शासन

# लोक निर्माण विभाग

विधानसभा लोरमी अंतर्गत

# भूमिपूजन/लोकार्पण



**कार्यक्रम**
**दिनांक 29.10.2025 बुधवार**
**समय: सायं 4.30 बजे**
**स्थान: मानस मंच, लोरमी**




## भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम

| क्र. | कार्य का नाम | राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |

### भूमिपूजन

| | | |
|---|---|---|
| | जिला मुंगेली के कोटा-लोरमी-पण्डरिया मार्ग (फोर लेन) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य कि.मी. 49/2 से 50/6 (70) एवं 50/6 (10 से 28/10 = 9.88 कि.मी. | 8865.60 |
| | योग : 01 कार्य भूमिपूजन | 8865.60 |

### लोकार्पण

| | | |
|---|---|---|
| 1 | जिला मुंगेली के मुंगेली लोरमी मार्ग एम.डी.आर.-37 लं. 26.20 कि.मी. (कि.मी. 12/2 से 27/2 =14.20 कि.मी.) का मजबूतीकरण कार्य | 2414.35 |
| 2 | जिला मुंगेली के तुलसाघाट से लपटी रपटा तक निर्माण कार्य लं. 2.00 कि.मी. | 262.93 |
| 3 | जिला मुंगेली के तिलकपुर से झलरी तक पहुंच मार्ग निर्माण लंबाई 1.20 कि.मी. | 199.71 |
| 4 | जिला मुंगेली के विकास खण्ड लोरमी के अखरार से शमशान घाट पहुंच मार्ग का निर्माण लं. 1.30 कि.मी. | 137.60 |
| 5 | जिला मुंगेली के नवरंगपुर डिंडौरी-डी-3 नहर में आवास मुहल्लापारा ब्रिज तक निर्माण कार्य लं. 1.20 कि.मी. | 114.14 |
| 6 | जिला मुंगेली के मुख्यमार्ग से पूर्व माध्यमिक स्कूल कारीडोंगरी तक सीसी पहुंच मार्ग लं. 0.70 कि.मी. | 70.56 |
| | योग : 06 कार्य लोकार्पण | 3199.29 |



संकलनकर्ता
**नूतन गुप्ता**
हरिभूमि प्रतिनिधि व
प्रेस क्लब सचिव, लोरमी
मो. 9981005353

**सौजन्य-कन्हैया लाल अग्रवाल “अ“ वर्ग ठेकेदार, मंजगांव रोड कवर्धा**

## खबर संक्षेप

### सांई कार्तिक पूर्णिमोत्सव का आयोजन

**बिलासपुर।** सांई मौली पारिजात एक्सटेंशन में श्री सांई कार्तिक पूर्णिमोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 26 अक्टूबर को रेणुका भजन मंडली ने भजनों की प्रस्तुति दी। 2 नवंबर को ऑनलाइन अखंड पाठ होगा। गुरु कृपा भजन मंडली भजन पेश करेंगे। 3 अक्टूबर को गणपति अथर्वशीर्ष एवं सुंदरकांड पाठ किया जाएगा।4 अक्टूबर को शाम चार बाजे पालकी यात्रा निकाली जाएगी। 5 अक्टूबर को दुग्धाभिषेक प्रातः 10:30 बजे से महाआरती, ताल आरती एवं गोपाल काला संध्या 6 बजे से होगा।

### खंबों पर केबल का जाल नहीं हो रही कार्रवाई

**बिलासपुर।** बिजली विभाग के अधिकारियों को खंबों पर केबल का जाल नजर नहीं आ रहा है, शहर के ऐसा कोई कोना नहीं है,जहां उलझे केबल व तारों के जाल नहीं दिख रहे। खास बात यह है कि हाईकोर्ट ने संज्ञान लेकर इन केबलों को हटाने व व्यवस्थित करने के निर्देश दिए है। बिजली विभाग ने कुछ दिनों तक केबल हटाने की कार्रवाई की,लेकिन यह नाकाफी साबित हो रही है। प्रमुख चौक चौराहों पर बेतरतीबी से अभी भी तारों का जाल है, जिससे शार्ट सर्किट होने का खतरा बना रहता है।

### मवेशियों पर कार्रवाई बंद, होते हैं हादसे

**बिलासपुर।** शहर में कई सड़क कैटल फ्री जोन घोषित है, लेकिन इसके बावजूद सड़कों पर आवारा मवेशी विचरण कर रहे है।जिसे रोकने में नगर निगम का दस्ता फेल हो चुका है। रिंग रोड 2, स्मार्ट सड़क, नेहरू चौक जैसे इलाकों में मवेशियों के खुलेआम घुमने पर प्रतिबंध है, लेकिन दिन के किसी भी समय यहां से गुजरने पर आवारा मवेशी देखे जा सकते है। ऐसे में नगर निगम के दावों की पोल खुल रही है। आवारा मवेशियों के लड़ने से जहां यातायात जाम हो रहा है, वहीं कई बार इसे लोग हादसे के शिकार हो जाते है।

**निर्माण कार्य में भर्राशाही हावी** — **एटामिक एनर्जी रेगुलेटॉरी बोर्ड के नियमों का नहीं रखा जा रहा ध्यान**

# जिला अस्पताल की पार्किंग में लगाई जा रही करोड़ों की सीटी स्कैन मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल में इन दिनों सिटी स्कैन मशीन लगाने के लिए निर्माण कार्य जारी है। मशीन लगाने से मरीजों को फायदा होगा लेकिन इसके स्थापना से पहले जिला अस्पताल और निर्माण एजेंसी लापरवाही बरत रही है। दरअसल एटामिक एनर्जी रेलुलेटरी बोर्ड के नियमों के अनुसार सिटी स्कैन मशीनों को कॉमन प्लेस में नहीं लगाया जा सकता है, जबकि जहां यह मशीन स्थापित की जा रही है वह पार्किंग है। वहीं निर्माण के दौरान भी नियमों की अनदेखी की जा रही है।

प्रदेश के ज्यादातर जिला अस्पतालों में लोगों की सुविधा के लिए सिटी स्कैन मशीनें लगाई जारी है, इसके लिए जिला अस्पताल बिलासपुर में निर्माण कार्य जारी है। मातृ एवं शिशु अस्पताल के पार्किंग एरिया को डिस्मेंटल किया गया है। एटामिक एनर्जी रेगुलेटॉरी बोर्ड के नियमों के अनुसार रेडियो एक्टीविटेड मशीनों का इंस्टालेशन करने से पहले कई तरह की सावधानियां बरती जानी जरूरी है। जिसमें लेड कोटेड दीवारें होना जरूरी है। साथ ही सिटी स्कैन स्थापित जगहों पर कॉमन पब्लिक पैलेस नहीं होना चाहिए, जबकि जिला अस्पताल के पार्किंग के एक हिस्से में ही इसका इंस्टालेशन किया जा रहा है।

हालांकि वर्तमान में पार्किंग हटा दिया गया है, लेकिन इसके दोनों ओर पार्किंग ही है। बताया जा रहा है कि सीजीएमएससी द्वारा थर्ड पार्टी के भरोसे काम कराया जा रहा है, जिसका निरीक्षण तक नहीं किया जा रहा है।


पार्किंग के एक हिस्से में किया जा रहा है इंस्टालेशन।

### गर्द में रख दी गई करोड़ों की मशीन

खास बात यह है कि करोड़ों की मशीन को गर्दे में रख दिया गया है। जहां रोजाना धूल और सीमेंट मशीनों को ढक रही है। खास बात यह है कि दीवारों की तराई करने के दौरान मशीनों के भींगने का अंदेशा भी बना हुआ है। जिला अस्पताल प्रबंधन की अनदेखी इस कदर हावी है कि मशीन को रेत के ऊपर रख दिया गया है। ऐसे में करोड़ों की मशीनों को लेकर लापरवाही बरती जा रही है।

# 50 मीटर सड़क पर सैकड़ों गड्ढे, फैला कीचड़


महर्षि स्कूल मंगला से आगे लोखंड़ी चौक तक सड़क बेहद खराब। यहां से गुजरने वाले वाहन चालक जोखिम उठाकर करते हैं आना-जाना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महर्षि स्कूल मंगला से आगे लोखंड़ी चौक तक सड़क का करीब 50 मीटर हिस्सा बेहद खराब है। इतना खराब कि थोड़ी भी असावधानी वाहन चालक को सीधे जमीन पर गिरा दे। इस 50 मीटर सड़क की खराबी के कारण लोग पूरी मंगला-दीनदयाल कालोनी तक की सड़क को ही खराब बता रहे हैं।

कोई सड़क अगर अच्छी हो लेकिन फिर भी बेहद खराब बताई जा रही हो तो मंगला से दीनदयाल कालोनी जाने वाली सड़क को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है। महर्षि चौक से आगे व दीनदयाल कालोनी से पहले लोखड़ी चौराहे के पास यह सड़क 50 मीटर लंबाई में बेहद खराब है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। गड्ढे इतने बड़े हैं कि लोगों को लगभग शून्य की गति से आगे बढ़ना पड़ रहा है। इस मार्ग पर हालत ऐसी है कि थोड़ी भी असावधानी होने पर वाहन चालक सीधे जमीन पर गिरेंगे। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में कालोनी का वेस्टेज पानी लगातार बह रहा है, जिससे यहां गड्ढों में पानी भरा हुआ है। इसके आगे दीनदयाल कालोनी तक सड़क अच्छी हालत में है। इसी तरह इस चौक से आगे लोखंड़ी तक की सड़क भी काफी अच्छी है। आसपास रहने वाले लोग इस खराब सड़क की मरम्मत करने की लगातार मांग कर रहे हैं, कालोनी से आने वाले पानी को रोकने की भी मांग कर रहे हैं, परन्तु निगम अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है।

■ शिकायत के बाद भी नहीं सुधारी जा रही सड़क

# गिरदावली में नाम जोड़ने कलेक्टोरेट पहुंचे किसान


कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करते छेरकाबांधा के किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छेरकाबांधा के किसान गिरदावली नहीं होने के कारण पंजीयन नहीं हो पाने की बात को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे। किसानों ने कहा कि सभी ने सहकारी समितियों से केसीसी लिया है। ऐसी हालत में समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री नहीं हुई तो उन्हें बड़ी परेशानी हो जाएगी।

कोटा विकासखंड के छेरकाबांधा के किसानों ने मंगलवार को बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का कहना कि छेरकाबांधा ग्राम पंचायत के करीब दो सौ किसान हर साल समितियों में अपना धान बेचते हैं। जबकि इस साल पटवारी द्वारा यह जानकारी दी गई है कि किसानों का पंजीयन गिरदावली में नहीं हो रहा है एवं पंजीकृत किसानों का नाम ऊपर से कट जा रहा है। ऐसी हालत में किसानों का खसरा क्रमांक में फसल की जानकारी निरंक जा रही है। ऐसी स्थिति में किसान अपनी फसल समितियों में नहीं बेच पाएंगे, जिससे उन्हें केसीसी पटाने में परेशानी हो जाएगी।

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य दीपक रजक के साथ पहुंचे किसानों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात कर 31 अक्टूबर तक समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया है। समाधान नहीं होने की दशा में किसानों ने रतनपुर-कोटा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करने की चेतावनी भी दी है।

■ कोटा विधायक के साथ कलेक्टर से की मुलाकात

# एनएसयूआई ने सीयू का किया घेराव, मचाया हंगामा

**यूनिवर्सिटी परिसर स्थित तालाब में छात्र की मौत को लेकर नाराज कार्यकर्ताओं ने की जमकर नारेबाजी**


गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओ ने की नारेबाजी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर स्थित तालाब में एक छात्र की लाश मिलने की घटना से नाराज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को यूनिवर्सिटी का घेराव करते हुए जमकर हंगामा मचाया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की भीड़ यूनिवर्सिटी परिसर भीतर प्रवेश करने की कोशिश की, किन्तु मेनगेट पर ही पुलिस वालों ने उन्हें रोक लिया। इस पर गेट सामने ही धरना पर बैठकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की भीड़ आज नारेबाजी करते हुए गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी पहुंची, लेकिन यूनिवर्सिटी के सुरक्षा गार्डस ने प्रशासनिक भवन सहित मेनगेट पर भी ताला लगाकर बंद कर दिया था। मेनगेट के सामने बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रही और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को वहीं रोक लिया गया। एनएसयूआई कार्यकर्ता मेनगेट सामने ही धरने पर बैठ गए और यूनिवर्सिटी प्रबंधन खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। इन एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की मांग थी कि यूनिवर्सिटी प्रशासन की जवाबदेही तय करना, दोषियों को सजा दिलाना और भविष्य में ऐसी कोई लापरवाही दोबारा न हो इसके लिए मजबूत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराना है। काफी देर तक वहां नारेबाजी व हंगामा होता रहा और पुलिस वाले स्थिति को संभालते रहे। इस बीच प्रशासन की ओर से तहसीलदार भी मौके पर पहुंच गए और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने अपनी बात रखते हुए उन्हें कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा तथा यूनिवर्सिटी प्रबंधन खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

आज के इस घेराव में एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष लक्की मिश्रा, प्रदेश सचिव रंजेश सिंह, विवेक साहू, प्रदेश सचिव राजा रावत, पुष्पराज साहू, सार्थक मिश्रा, अनिमेष ग्वाल, सुमित सूर्यवंशी, उमर अहमद, फरहान खान, ऋतिक मिश्रा, ओमप्रकाश, रोशन अहिरवार, जय ठाकुर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने छात्रहित में लड़ाई आगे जारी रखने की बात कही है।

### यूनिवर्सिटी की सुरक्षा अधिकारी को हटाने की मांग

एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष लक्की मिश्रा का कहना है कि यूनिवर्सिटी के एक छात्र की यूनिवर्सिटी परिसर के तालाब में मौत मामले की विशेष जांच टीम गठित की जाए और दोषियों पर जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। यूनिवर्सिटी की सुरक्षा अधिकारी सीमा राय को तत्काल प्रभाव से इस्तीफा लिया जाए। यदि प्रशासन ने जल्द कदम नहीं उठाए तो एनएसयूआई मृत छात्र अर्सलान अंसारी को न याय दिलाने के लिए उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

### बीएससी के छात्र की तालाब में मिली थी लाश

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के फिजिक्स डिपार्टमेंट के बीएससी के छात्र अर्सलान अंसारी 21 अक्टूबर की शाम से हास्टल से गायब था। बाद में उसकी लाश यूनिवर्सिटी परिसर स्थित तालाब में पाई गई। बिहार के छपरा से आकर छात्र के पिता ने उसकी पहचान की, उसके बाद पोस्टमार्टम के बाद उसकी लेकर बाडी वापस बिहार चले गए। इधर इस मामले में पुलिस जांच कर रही है और यूनिवर्सिटी ने हास्टल से गायब होने के मामले में अपने कमेटी बनाकर जांच करा रही है। इस मामले को लेकर यूनिवर्सिटी के छात्रों में तो नाराजगी है ही छात्र संगठनों द्वारा भी यूनिवर्सिटी की लापरवाही के खिलाफ प्रदर्शन किया जा रहा है।

### स्मार्ट चैटबॉट से मिला मैसेज 85 हजार टैक्स जमा

**बिलासपुर।** नगर निगम के स्मार्ट चैटबाट सुविधा का लाभ नागरिकों और स्वयं निगम को भी मिलने लगा है। घर बैठें मिल रही सुविधा से नागरिकों की शासकीय सेवा के प्रति दिलचस्पी बढ़ने के साथ ही अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजगता आई है। नगर निगम ने 27 अक्टूबर को संपति कर के 2462 बकायादारों को व्हॉटसअप आधारित अपने चैटबॉट से मैसेज भेजकर बकाया संपत्ति कर की जानकारी भेजी। जिसके बाद 24 घंटे के भीतर 17 लोगों ने 85 हजार 605 रुपए का भुगतान चैटबॉट के जरिए ही कर दिया। शेष बकायादारों के भी जल्द भुगतान करने की उम्मीद हैं। नगर निगम द्वारा व्हॉट्सअप अप आधारित चैटबाट सेवा शुरू होने के बाद से लोग शिकायत,जानकारी समेत अन्य सुविधा का लाभ ले रहे हैं। विदित है कि नगर निगम ने डिजिटल इंडिया की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाते हुए खुद से तैयार किए गए स्मार्ट चैटबॉट सेवा शुरू किया है। बिलासपुर प्रदेश का पहला ऐसा नगर निगम है, जहां नागरिक 'स्मार्ट चैटबॉट' के जरिए अधिकांश सेवाओं का लाभ घर बैठे ले रहे हैं। इसके माध्यम से लोग प्रॉपर्टी टैक्स की जानकारी और भुगतान, बिल्डिंग परमिशन, शिकायत पंजीकरण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं चंद मिनटों में प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा अभी देश के बड़े शहरों जैसे दिल्ली, मुंबई, नागपुर, भोपाल और इंदौर में उपलब्ध है। चैटबॉट से मिल रही ये सुविधाओं में प्रॉपर्टी टैक्स की पूरी जानकारी जैसे अब तक बकाया से लेकर भुगतान की सुविधा मिल रही है।

# वेलकम डिस्टलरी के प्रदूषण से तालाब दूषित

**किसानो ने कहा-निस्तारी तालाब का पानी खराब**

**बिलासपुर।** वेलकम डिस्टलरी से निकलने वाले प्रदूषित पानी से निस्तारी तालाब में प्रदूषण फैलने व न केवल पशुओं, बल्कि ग्रामीणों के भी लगातार बीमार पड़ने के विरोध स्वरूप छेरकाबांधा के ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि गांव का निस्तारी तालाब ही गंदा हो गया है तो लोग दैनिक उपयोग के लिए कहां जाएंगे?

कोटा ब्लाक के छेरकाबांधा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि वेलकम डिस्टलरी के द्वारा वहां से निकला गंदा पानी व राखड़ से गांव का निस्तारी तालाब प्रदूषित हो रहा है। ग्राम पंचायत में चार निस्तारी तालाब हैं, लेकिन सभी की हालत यही है। वेलकम डिस्टलरी प्रबंधन द्वारा इससे बचाव के ठोस उपाय कभी नहीं किए जाते हैं। प्रदूषित जल के उपयोग के कारण पशुओं को न केवल बीमार, बल्कि जान से भी हाथ धोना पड़ रहा है।

ग्रामवासियों का आरोप है कि वेलकम डिस्टलरी प्रबंधन के द्वारा ग्राम छेरकाबांधा को गोद लिया गया है, लेकिन किसी भी तरह का विकास कार्य आज तक नहीं किया गया है। इसके विपरीत प्रबंधन के द्वारा कई एकड़ वन भूमि पर अवैध कब्जा करके रखा गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से डिस्टलरी से निकलने वाले प्रदूषण से जल्द से जल्द निजात दिलाने की मांग की है।

■ किसानों ने किया कलेक्टोरेट का घेराव

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# धर्मान्तरण को लेकर हंगामा, 3 महिलाओं के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महिलाएं व बजरंग दल कार्यकर्ताओं के बीच हुआ जमकर विवाद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



प्रार्थना सभा के दौरान धर्मान्तरण को लेकर महिलाएं व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर विवाद हुआ है। पुलिस ने तीन महिलाओं के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सोमवार को दोपहर में सरकण्डा क्षेत्र के ग्राम बहतराई में बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित होकर प्रार्थना सभा कर रही थी। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और हिन्दू महिलाओं को प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने का आरोप लगाकर हंगामा मचाने लगे। सभा आयोजित कर रही महिलाएं भी विरोध में सामने आ गई, जिससे दोनों पक्षों के बीच तनातनी हो गई। लोगों के द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सरकण्डा पुलिस मौके पर पहुंच गई। बजरंग दल के कार्यकर्ता धर्मान्तरण कराने का आरोप लगा रही थी। वहीं महिलाएं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर जबरिया हुज्जतबाजी करने का आरोप लगा रही थी। काफी गहमागमी के बीच पुलिस ने दोनों पक्ष को समझाइश देकर शांत कराया। पुलिस ने बजरंग दल के कार्यकर्ता चांटीडीह निवासी गौरव धनकर की रिपोर्ट पर प्रमिला केंवट, पूनम शर्मा, अमृता लाल एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 299, 3, 5 धारा 3 छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्र अधिनियम 1968 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 170 बोतल देशी शराब सहित दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस 170 बोतल देशी शराब सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। हिर्री पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सरसेनी निवासी कुमार नायक पति राजकुमार नायक 52 साल, रामकुमार नायक पिता स्व. रामबली नायक 46 साल को पकड़कर 170 बोतल देशी शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354 411411